इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 233 | राजनांदगांव, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## शराब घोटाला में राज्य सरकार की बड़ी कार्रवाई: शराब घोटाले में शामिल 22 अफसर सस्पेंड, आदेश जारी

### ईओडब्लू ने 29 के खिलाफ पेश की है चार्जशीट

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई सामने आई है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले में 29 अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। इसके बाद सरकार ने इनमें से 22 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं 7 अधिकारी पहले ही रिटायर हो गए हैं।

ईओडब्ल्यू की चार्जशीट में यह साफ तौर पर बताया गया है कि इन अधिकारियों ने वर्ष 2019 से 2023 के बीच 15 जिलों में पदस्थ रहते हुए लगभग 90 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की है। अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने शराब बिक्री और ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर भारी भरकम रिश्वत ली और राज्य को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाया।



### 3200 करोड़ पहुंचा घोटाले का आंकड़ा

अब तक जिस शराब घोटाले को 2100 करोड़ रुपए का बताया जा रहा था, वह दरअसल 3200 करोड़ रुपए का घोटाला है। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि यह संगठित सिंडिकेट के जरिए किया गया एक सुव्यवस्थित घोटाला था, जिसमें अफसरों, नेताओं और कारोबारियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### 22 आबकारी अधिकारी थे काम पर, 7 हो चुके हैं रिटायर

बता दें कि शराब घोटाले में जिन 29 अधिकारियों का नाम सामने आया है। उनमें से 22 अधिकारी अभी नौकरी पर हैं, जबकि 7 अधिकारी रिटायर हो गए हैं। घोटाले में शामिल एक अधिकारी की बीमारी से मौत हो चुकी है। आबकारी अधिकारी जनार्दन कौरव, विकास गोस्वामी, नीतू नोतानी, दिनकर वासनिक, अनिमेष तेनाम, विजय सेन शर्मा, इकबाल खान, नितिन खंडूजा, नवीन प्रताप सिंह तोमर, मंजुश्री कसेर, सौरभ बख्शी, अशोक सिंह, गरीबपाल दर्दी, नोहर सिंह ठाकुर, सोनल नेताम, प्रमोद नेताम, मोहित जायसवाल, रविश तिवारी, रामकृष्ण मिश्रा इसमें शामिल हैं।

## वडोदरा ब्रिज हादसे में एक्शन, 4 इंजीनियर तत्काल प्रभाव से सस्पेंड; अन्य पुलों की जांच के भी आदेश

नई दिल्ली। वडोदरा में हुए पुल हादसे के बाद गुजरात सरकार एक्शन मोड में आ गई है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने हादसे की विस्तृत और गहन हाई लेवल जांच के आदेश दिए थे। विशेषज्ञों की एक टीम को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे रिपेयर, इंस्पेक्शन और क्वालिटी चेक को लेकर रिपोर्ट पेश करनी थी।

प्रारंभिक जांच के बाद एक्सपर्ट की कमेटी ने 5 इंजीनियर्स की जिम्मेदारी तय की। इसका संज्ञान लेते हुए पांचों इंजीनियर्स को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। इनके नाम एनएम नाइकवाला (कार्यपालक अभियंता), यूसी पटेल (उप-कार्यपालक अभियंता), आरटी पटेल (उप-कार्यपालक अभियंता) और जेवी शाह (सहायक अभियंता) हैं।

### मौत का आंकड़ा बढ़कर हुआ 16

वहीं सीएम भूपेंद्र पटेल ने राज्य के अन्य पुलों का भी तत्काल और गहन निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। महिसागर नदी पर बने गंभीरा



पुल के ढहने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 16 हो गया है, जबकि कम से कम तीन लोग अभी भी लापता हैं। गुरुवार को चार और शव बरामद किए गए।

आणंद और वडोदरा शहर को जोड़ने वाले इस चार दशक पुराने पुल का कुछ हिस्सा बुधवार सुबह भरभराकर नदी में गिर गया था। वहां से गुजर रहे कई वाहन नदी में जा गिरे थे। वडोदरा के कलेक्टर अनिल धामेलिया के अनुसार- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें नदी के भीतर चार किलोमीटर तक व्यापक स्तर पर खोजबीन कर रही हैं। अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि तीन लोग अभी भी लापता हैं। अन्य किसी भी लापता व्यक्ति की सूचना देने के लिए लोग हमारे नियंत्रण कक्ष में काल कर सकते हैं।

### बुधवार देर रात्रि तीन शव मिले

उन्होंने कहा कि हो सकता है कि कुछ और लोग इस हादसे का शिकार हुए हों, क्योंकि नदी में गिरने वाली एक कार और एक मिनी ट्रक के बारे में कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है। ये वाहन कीचड़ में तीन मीटर तक धंसे हुए हैं। प्रशासन के अनुसार, मृतकों में आणंद जिले के आठ, वडोदरा के चार, भरुच के दो, देवभूमि द्वारका व पंचमहल के एक-एक व्यक्ति हैं। नदी में गिरे टाइल्स से भरे ट्रक को हटाकर तलाश करने पर बुधवार देर रात्रि तीन शव मिले। कलेक्टर ने कहा- बारिश और नदी में कीचड़ की मोटी परत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्नाटक में सीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं, सिद्धारमैया बोले - मैं यहां बैठा हूं, शिवकुमार नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक बार फिर राज्य सरकार में नेतृत्व परिवर्तन से जुड़ी अटकलों को खारिज कर दिया। सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री पद के लिए ''कोई वैकेंसी नहीं'' है और वह पद पर बने हुए हैं। सिद्धारमैया ने दावा किया कि वह मुख्यमंत्री के रूप में अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे और उन्होंने इस साल के आखिर में डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त होने से संबंधित अटकलों को खारिज कर दिया।



### मैं कर्नाटक का मुख्यमंत्री हूं

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा, ''क्या मुख्यमंत्री पद के लिए कोई रिक्ति है? मैं आपके सामने हूं। मैं कर्नाटक का मुख्यमंत्री हूं। मैं यहां बैठा हूं। डी.के. शिवकुमार ने भी यही कहा है और मैं भी यही कह रहा हूं... कोई रिक्ति नहीं है।''

### दिल्ली में हैं सिद्धारमैया

बता दें कि इस समय सिद्धारमैया दिल्ली में हैं और उनके कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात करने की संभावना है। मई 2023 में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारतीय रेलवे का बड़ा ऐलान: अगले 5 वर्षों में शुरू होंगी 1,000 नई ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगा शानदार अनुभव

नई दिल्ली। रेलवे से सफर करने वाले करोड़ों यात्रियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार आने वाले 5 वर्षों में 1,000 नई ट्रेनें शुरू करने की योजना बना रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के लिए व्यापक योजना पर काम कर रही है, जिससे यात्रा अनुभव बेहतर हो और लॉजिस्टिक्स कॉस्ट कम हो सके।



### बुलेट ट्रेन 2027 तक होगी शुरू

रेल मंत्री ने बताया कि भारत की महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना जापान के सहयोग से तेजी से आगे बढ़ रही है। इस हाई-स्पीड ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप 2026 तक परीक्षण ट्रैक पर दौड़ेगा, और इसका व्यावसायिक संचालन 2027 तक शुरू होने की संभावना है। यह प्रोजेक्ट भारतीय रेलवे के लिए तकनीकी उन्नति का प्रतीक होगा।

### रेलवे नेटवर्क में ऐतिहासिक विस्तार

अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने 35,000 किलोमीटर नए रेल ट्रैक जोड़े हैं, जो कि जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले एक साल में ही 5,300 किमी रेल लाइन बिछाई गई है। इसके अलावा, हर साल 30,000 मालगाड़ी डिब्बे और 1,500 इंजन तैयार किए जा रहे हैं – जो उत्तर अमेरिका और यूरोप की संयुक्त उत्पादन क्षमता से अधिक है। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे में निवेश में दस गुना बढ़ोतरी हुई है। पहले जहां रेलवे को 25,000 करोड़ का बजट मिलता था, अब यह बढ़कर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शाह बोले- बिहार-झारखंड-ओडिशा काफी हद तक नक्सल मुक्त, 31 मार्च 2026 तक देश से करेंगे साफ

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को झारखंड की राजधानी रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की।



शाह ने कहा, नक्सलवाद के विरुद्ध सभी राज्यों की एकजुटता और सुरक्षा बलों की बहादुरी से हमें अभूतपूर्व सफलता मिली है। हम 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर के रहेंगे। बिहार, झारखंड और ओडिशा काफी हद तक नक्सलवाद से मुक्त हो गए हैं। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पश्चिम बंगाल की वित्त राज्य मंत्री सुश्री चंद्रिमा भट्टाचार्य सहित सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्य शामिल हैं। यह बैठक गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित की गई।

शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेनाओं ने अपनी वीरता, सटीकता और जांबाजी का अनुभव पूरी दुनिया को कराया है। उनके साहस और पराक्रम के लिए पूर्वी क्षेत्रीय परिषद सेनाओं की वीरता के लिए सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करती है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की भूमि का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस भूमि से भगवान बिरसा मुंडा (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## रूस ने यूक्रेन पर 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं: दो की मौत, 16 घायल; राजधानी कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग-गाड़ियों में आग लगी

कीव। रूस ने गुरुवार सुबह यूक्रेन पर रात भर में लगभग 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया है कि रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले का मुख्य निशाना राजधानी थी।



घटना के समय ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स, गाड़ियां, गोदाम, ऑफिस और गैर-आवासीय इमारतें जल गईं। कीव में एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग की छत पर ड्रोन का मलबा गिरने से आग लग गई। इसकी रोशनी पूरे शहर में दिखाई दी। रूस ने कीव के 8 जिलों को निशाना बनाया था। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि कीव में एक मेट्रो स्टेशन पर 68 साल एक महिला और 22 साल के एक पुलिस अधिकारी की मौत हुई है। कीव के पोडिल्स्की जिले में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह तबाह हो गया। यूक्रेन एयरफोर्स ने रात में अचानक हमले से पहले कई इलाकों में रूसी ड्रोन हमलों का अलर्ट भेज दिया था। लोगों से सायरन बजने तक सुरक्षित जगहों पर रहने और अपने घरों में लौटने पर खिड़कियां बंद रखने की अपील की गई थी। रूसी सेना ने इस ताजा हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

यूक्रेन ने 8 जुलाई को दावा किया था कि रूस ने उस पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया था। मंगलवार को हमले में रूस ने यूक्रेन के कई शहरों में 728 ड्रोन और 13 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। इससे पहले यूक्रेन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशन ने बताया कि इस साल जून में यूक्रेन में पिछले तीन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायगढ़ में पीएम मोदी की एक और गारंटी पूरी: महिला स्व सहायता समूहों को फिर से मिला रेडी टू ईट निर्माण का कार्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने के निर्णय पर अमल की पहल की शुरुआत आज रायगढ़ जिले से की गई है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 10 महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण के लिए अनुबंध पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार (रेडी टू ईट) के निर्माण एवं वितरण का कार्य महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। यह कार्य प्रारंभिक चरण में 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया जाएगा। रायगढ़ इस पहल का पहला जिला बना है, जहाँ 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र वितरित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, इन समूहों की बहनें अब आंगनबाड़ी के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ इस कार्य से अपनी आमदनी भी बढ़ाएंगी, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। यह योजना महिलाओं को स्वरोजगार के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सार्थक पहल है। साथ ही, बच्चों को पोषण युक्त आहार प्रदान कर राज्य के पोषण स्तर में सुधार लाने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि, विगत डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अधिकांश कार्यों को धरातल पर उतारा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, दो वर्षों का बकाया बोनस वितरण, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शशि थरूर के निशाने पर कांग्रेस: इमरजेंसी और नसबंदी के कुरेदे जख्म

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इमरजेंसी और नसबंदी जैसे मुद्दों पर सवाल उठाते एक बार फिर अपनी ही पार्टी के लिए मुश्किल बढ़ा दी। बुधवार (9 जुलाई) को प्रकाशित एक लेख में उन्होंने कहा-1975 की इमरजेंसी को सिर्फ काले अध्याय के रूप में याद न करें, बल्कि इससे लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी सबक भी लेने चाहिए। थरूर का यह लेख मलयालम अखबार दीपिका में प्रकाशित हुआ है। इसमें उन्होंने इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल और संजय गांधी के जबरन नसबंदी अभियान को क्रूर और मनमाना करार दिया। कांग्रेस ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उनके निजी विचार बताए हैं।



### नसबंदी को बताया क्रूरता की मिसाल

शशि थरूर ने लिखा, संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान गरीबों के खिलाफ क्रूरता का उदाहरण बन गया था। उस दौरान टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा का सहारा लिया गया। झुग्गियों उजाड़ दी गईं। जिससे हजारों लोग बेघर हो गए। शशि थरूर ने बताया कि सत्ता में बैठे लोगों द्वारा अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर उठाए गए कदम कभी-कभी तानाशाही का रूप ले लेते हैं। इन्हें लोकतंत्र में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### लोकतंत्र को लेकर चेतावनी भी दी

थरूर ने यह भी लिखा कि भारत का लोकतंत्र बहुमूल्य विरासत है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। सत्ता को केंद्रीकृत करना, असहमति को दबाना और संविधान को दरकिनार करना फिर हो सकता है। हमें हमेशा सतर्क रहना होगा। इमरजेंसी इसी चेतावनी की तरह है।

### पहले भी मोदी की तारीफ कर चुके थरूर

शशि थरूर का यह लेख ऐसे समय आया है, जब वे कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक मंचों पर ऊर्जा और गतिशीलता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छग प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं, ऐतिहासिक स्थलों और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर है - नीलू शर्मा

### छत्तीसगढ़ पर्यटन ने कोलकाता में दर्ज कराई प्रभावशाली उपस्थिति

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों में आज एक महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ी है। कोलकाता में चल रहे ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने अपनी विशिष्ट और समृद्ध विरासत के साथ शानदार उपस्थिति दर्ज करायी। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कोलकाता के टूर ऑपरेटर एवं ट्रेव्हल्स एजेंट को छत्तीसगढ़ के टूर पैकेज के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ मंच साझा किया।



इस अवसर पर अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ जैसे समृद्ध राज्य को भारत के इस प्रमुख पर्यटन मंच पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हमारा राज्य प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं, ऐतिहासिक स्थलों और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर है। छत्तीसगढ़ को आज भी 'अनदेखा भारत' कहा जाता है और यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे चित्रकोट जलप्रपात, कांगेर घाटी, सिरपुर, बस्तर का धुड़मारास के साथ-साथ भोरमदेव, डोंगरगढ़, दंतेवाड़ा आदि धार्मिक स्थलों का उल्लेख किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के टूर ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में छत्तीसगढ़ को भी शामिल करें। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन को अब उद्योग का दर्जा प्राप्त है और पर्यटन क्षेत्र में होमस्टे, रिसॉर्ट्स, ट्राइबल और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। हमारा उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सतत विकास को भी मजबूत करना है। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## फर्जी जीएसटी अधिकारी ने किया कोर्ट में सरेंडर, जीएसटी रिश्वतकांड में नया खुलासा

रायपुर (दावा)। सेंट्रल जीएसटी सुपरिटेंडेंट भरत सिंह को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़े जाने के मामले में सीबीआई की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। खुद को 'मिश्रा' बताने वाले फर्जी जीएसटी अधिकारी अनिल गुप्ता ने आखिरकार गुरुवार को रायपुर की कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही सीबीआई ने आरोपी को हिरासत में लेने की अर्जी लगाई, जिसके बाद कोर्ट ने अनिल गुप्ता को 14 जुलाई तक सीबीआई की रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआई के अधिकारी उससे पूछताछ करेंगे। यह मामला दुर्ग के कारोबारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शहर सहित अंचलभर में गुरुर्देवो महेश्वरः की रही गूंज

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी नांदगांव सहित पूरे अंचल भर में गुरु पूर्णिमा पर्व की खासी धूम रही। सनातनी जनों ने गुरुओं को भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश से उपर मानते हुए उनकी पूरी भाव- भक्ति के साथ पूजा -अर्चना की और गुरु पूर्णिमा अवसर पर जीवित गुरुओं का सानिध्य लाभ लेते हुए उनके आशीर्वाद ग्रहण कर अपना जीवन धन्य बनाया।

शहर में जहां मिथिलाधाम गणेश मंदिर में मौनी बाबा, पाताल भैरवी मंदिर में बर्फानी बाबा पूजे गए वहीं, मिथिला धाम मंदिर में पूज्य मौनी बाबा, ग्राम सुंदरा कबीर आश्रम व पुराना ढाबा में सदगुरु कबीर जी, विश्व जागृति मिशन में सुधांशु महाराज, सांई मंदिर तुलसीपुर में साईं बाबा व गायत्री शक्तिपीठ में अ.भा. गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति तपोनिष्ठ गुरुवर आचार्य प्रवर श्री राम शर्मा जी पूजे गए। बता दें कि इन दिनों पूरे अंचल भर में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ की भी धूम बनी हुई है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में अखंड ज्योति रथ यात्रा ग्राम छुरिया से प्रारंभ होने जा रही है। वहां आचार्य श्री राम शर्मा के अनुयायी गायत्री परिजनों द्वारा गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया।





### तस्मै श्री गुरुवे नमः की रही गूंज

गुरु पूर्णिमा पर्व पर जहां शहर के विभिन्न मंदिरों में गूरु पूजन-वंदन का कार्यक्रम आयोजित रहा वहीं गांव देहातों में भी श्री राम चरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी गुरु रुप में पूजे गए। श्री राम चरित मानस के गान करने वाले श्रद्धालुओं ने बंदऊ पदुम परागा, कहते हुए रामायण की दोहा - चौपाई का गान किया। इस दौरान तस्मै श्री गुरुवे नमः की भी गूंज बनी रही। इसी

**० जगह-जगह आयोजित रहे गुरु पूजन, वैदिक अनुष्ठान के आयोजन**
**० आज से सावन उत्सव शुरू, पूजे जाएंगे भगवान भोलेनाथ, बोल कांवड़िए की रहेगी धूम**

तरह कबीर आश्रम में गुरु को अंतर हाथ सम्हार दें,, बाहर मारे चोट,, के रुप में याद किया गया। इधर शहर में विश्व जागृति मिशन द्वारा झूलेलाल मंदिर में गुरु पूर्णिमा का आयोजन कर गुरु वंदना गुरु पाद पूजन सहित ध्यान साधना कर गुरु पर्व पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया।

### सावन उत्सव की हो रही तैयारियां

बताते चलें कि आज 11 जुलाई से श्रावण मास का प्रारंभ हो जाएगा। संस्कारधानी नगरी में सावन उत्सव की धूम बनी रहती है। भगवान शिव शंकर का प्रिय मास श्रावण में जहां शिव पूजन का बयार बह चलता है वहीं प्रति सोमवार को राजा विक्रमादित्य की नगरी उज्जैन के तर्ज पर संस्कारधानी नगरी में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर की धूमधाम के साथ भव्य पालकी यात्रा निकाली जाती है।

शहर के जीई रोड स्थित श्री बागेश्वर महादेव मन्दिर में सावन उत्सव की भव्य तैयारियां की गई है। मंदिर के पंकज गुप्ता व प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि यहा आज 11 जुलाई से 9 अगस्त तक भगवान बागेश्वर महादेव की भव्य पूजा अर्चना की धूम बनी रहेगी। पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ पूजे जाएंगे।इससे यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। श्रावण मास में शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ से बोल बम के कांवरियो द्वारा जल लाकर शहर के शिव मंदिरो में चढ़ाएं जाने का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा।

शहर के लालबाग स्थित बागेश्वर मंदिर में भी सावन उत्सव की धूम रहेगी। शिव सेवा मंडल लालबाग के अर्जुन गंगवानी ने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से 9 बजे तक भगवान शिव का रुद्राभिषेक तत्पश्चात 11 बजे भगवान महादेव, महाकाल की पूजा -आरती तथा रात्रि में 8 बजे से 9 बजे तक महाआरती व नित्य प्रति भजन-कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित रहेगा। इसके साथ ही कांवड़ यात्रा की भी धूम बनी रहेगी।

# बसंतपुर पुलिस ने दो अवैध शराब कोचिया के खिलाफ की कार्यवाही

### आरोपियों के कब्जे से 44 पौवा देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम की जब्त



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने जहां एक आरोपी कोमल कौशिक के पास से 24 पौवा देशी मसाला शराब एवं बिक्री की रकम 200 रुपए जब्त की है वहीं दूसरे आरोपी विनोद लांजेवार से 20 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 120 रूपये जब्त की है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ़ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर की गई। पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। वहीं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। श्री साहू ने बताया कि चोरी के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं थाना बसंतपुर के पृथक-पृथक क्षेत्रान्तर्गत हो-हुल्लड कर शांति भंग करने वालों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

श्री साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर अवैध शराब कोचिया एवं असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही एवं अधिक से अधिक गिरफ्तारी वारंट तामीली हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी दौरान 10 जुलाई गुरुवार को दो शराब कोचिया एवं दो अन्य लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, वहीं चोरी के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामले के संबंध में उन्होंने बताया कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी कोमल कौशिक को मोहारा बायपास ओव्हर ब्रीज के पास अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने से उनके पास से 24 पौवा देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम 200 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 304/25 धारा 34(ए) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। इसी प्रकार मुखबीर की सूचना पर आरोपी विनोद लांछेवार पिता श्रीराम लांछेवार उम्र 38 साल निवासी लालबाग प्रभात नगर को लालबाग जी.ई.रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने से आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 120 रूपये जप्त आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 305/25 धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई।

# छेडछाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की प्रार्थिया के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बताया जाता है कि आरोपी आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिसके विरूद्ध पूर्व में छेडछाड़ के 3 प्रकरण दर्ज है। न्यायालय में पेश करने उपरांत वहां से जेल वांरट प्राप्त होने पर उसे जेल दाखिल कर दिया गया है। आरोपी का नाम दिलीप लहरे पिता बरसन लहरे उम्र 22 साल निवासी कौरिनभांठा वार्ड नं0 44, बसतपुर बताया जाता है।

घटना के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रार्थियां रिपोर्ट दर्ज करायी कि बीती रात्रि में यह अपने घर में सो रही थी तभी लगभग रात्रि 2:30 बजे इसके मोहल्ले का दिलीप लहरे इसके घर अंदर जबरदस्ती घुसकर इसके साथ छेडछाड़ किया गया है। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 303/2025 धारा 303(सी), 74 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वहीं आरोपी दिलीप लहरे की शहर में पता तलाश कर उन्हें हिरासत में लिया गया तथा उनसे पूछताछ किए जाने पर उन्होंने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित म.प्र.आर. मेनका साहू, आरक्षक कुश बघेल, मोहसीन खान, आशीष मानिकपुरी एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-3-0
699-4 335-1
राजधानी
1-5-8
167-4 268-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

SILVER SCREEN MULTIPLEX
11th July to 17th July 2025



Maalik - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Superman (Hindi 2D) - 12:30, 03:30 & 09:30 pm
Jurassic World Rebirth (Hindi 2D) - 06:30 pm
Metro In Dino - 03:15 & 09:15 pm
Sitaare Zameen Par - 12:15 and 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी फिल्म
मैं राजा तैं मोर रानी




कला : दीपक साहू, एल्सा घोस, पुष्पेन्द्र सिंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# संस्कार सिटी स्कूल में उत्साह और श्रद्धा से मना गुरु पूर्णिमा पर्व

राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया.

0 गुरु परंपरा का सम्मान

कार्यक्रम का शुभारंभ एक मनमोहक 'गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु' नृत्य प्रस्तुति से हुआ. इसके बाद गुरु परंपरा के सम्मान में चरण पादुका पूजन किया गया. वेद व्यास जी की स्तुति और सरस्वती के विभिन्न नामों का उच्चारण कर कार्यक्रम को गरिमामय रूप से आगे बढ़ाया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए भाषण, एकल और समूह नृत्य प्रस्तुत किए. कक्षा नौवीं और दसवीं के छात्रों ने भारतीय ज्ञान परंपरा के महान गुरुओं का सजीव चित्रण किया. इन विद्यार्थियों ने सुश्रुत, धनवंतरी, गुरुनानक देव, गौतम बुद्ध और महावीर स्वामी जैसी महान विभूतियों की भूमिका निभाई. उन्होंने अपने प्रेरणादायी सूक्तिवाक्यों और विचारों से उपस्थित सभी लोगों को ज्ञानार्जन कराया. उन्होंने वेदों और पुराणों के रचयिता महर्षि वेद व्यास जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को शिक्षकों और अन्य छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिससे गुरु-शिष्य परंपरा की महानता और भी स्पष्ट हुई.




### नन्हे-मुन्नों ने भी किया गुरुजनों का सम्मान

नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए. उन्होंने अपने पसंदीदा शिक्षकों को श्रीफल और धन्यवाद कार्ड भेंट कर सम्मानित किया, जिससे शिक्षकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई.

### प्राचार्या ने दिया प्रेरणादायक उद्बोधन

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके मार्गदर्शन का अनुसरण करने और एक अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने महर्षि वेद व्यास के जीवन के विभिन्न पहलुओं को शिक्षकों और छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिससे गुरु-शिष्य परंपरा की महानता और भी स्पष्ट हुई. इस भव्य अवसर पर संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल (अध्यक्ष), अतुल देशलहरा (सचिव), प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी, अशोक पारख, विकास जोशी और संस्कार सिटी संस्था के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे. यह पूरा आयोजन विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

# महाराष्ट्रीयन तेली समाज ने गुरु वंदन आरती कर मनाई गुरु पूर्णिमा



राजनांदगांव (दावा)। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाराष्ट्रीयन तेली समाज ने स्टेशन पारा स्थित अपने भवन परिसर में स्थापित समाज के गुरु संत संता जी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना और महाआरती कर यह पर्व धूमधाम से मनाया। समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत ने स्वयं गुरु महाराज की महाआरती की। युवा मंडल के अध्यक्ष प्रकाश समरीत ने बताया कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाता है, जिसमें समाज के सभी सदस्यगण उत्साहपूर्वक शामिल होकर गुरु महाराज की पूजा और गुरु वंदन करते हैं।

इस अवसर पर समाज की महिला मंडल द्वारा गुरु वंदना, गुरु महाराज के भजन और आरती गाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर समाज के सचिव चंद्रशेखर बावनकर, वासुदेव गायधनी, चंद्रभूषण गायधनी, गजेंद्र लांबट, बसंत समरीत, अनिल मानकर, राजेश बावनकर, अरुण घाटोड़े, संतोष धोबरे, संतोष हटवार, राजेश बिसने, रितेश गवते, महेश साकुरे, प्रकाश अवचट, राजू देशमुख, अभिषेक गिरेपुंजे, अभिषेक देशमुख सहित मंजू बुटले, नीलू बावनकर, सरोज गिरेपुंजे, बबीता गायधनी, रश्मि गवते, रोशनी हटवार, रोहिणी समरीत, केयूर समरीत और सभी सामाजिकजन शामिल हुए और संत महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया।

# गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा पर अनुष्ठान के साथ पूज्य गुरुदेव का किया गया स्मरण





**० पूजे गए गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति पं. श्रीराम**
**० पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों लोगों ने डाली आहुति**

राजनांदगांव (दावा)। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा का पर्व वैदिक अनुष्ठान के बीच गुरु पूजन के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने जहां वेद, पुराण उपनिषद आदि धर्म शास्त्रों के रचयिता भगवान वेद व्यास जी को स्मरण करते हुए अ0भा0 गायत्री परिवार के संस्थापक व वेद मूर्ति तपोनिष्ठ आचार्य श्री राम शर्मा जी की पूजा अर्चना की व गुरुवर का पाद पूजन कर उनके द्वारा उपरोक्त भारतीय धर्म ग्रंथों को सरलतम भाषा में जन-जन तक किए गए कार्य को सनातन संस्कृति को पुनर्प्रतिष्ठा देने वाला बताया गया।

इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या निर्माण ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन, शक्तिपीठ के वरिष्ठ नंदकिशोर सुरजन, जयंती भाई पटेल, जुगल किशोर लड्ढा, मोहन भाई पटेल, डॉ. आर.एन. मौर्य, गोपाल चौरसिया, व्यास नारायण आदि जनों ने गुरु पूर्णिमा पर पूज्य गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा की पूजा-अर्चना की और उनके प्रखर प्रज्ञा स्तंभ पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए।

### उयुग संगीत गान के साथ यज्ञीय अनुष्ठान का संचालन

गुरु पूर्णिमा अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित अखंड जाप व पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ संचालन पुरोहित नृपाराम ने किया। वहीं महिला साधकों ने उनका साथ देते हुए युग संगीत का गान किया इस दौरान तबले पर संगत गायक एवं वादक वासुदेव हिरवानी ने की। वहीं आर्गन पर जौहर दिखाते हुए गोपाल साहू ने सुरीली ध्वनियों से वातावरण को दिव्य एवं भव्य बनाए रखा।

# रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य

राजनांदगांव (दावा)। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव ने बताया कि वर्ष 2024 के पूर्व पंजीयनधारी आवेदकों को अपने रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवाना अनिवार्य है।पंजीयनधारी आवेदक अपने रोजगार पंजीयन में आधार को अगस्त 2025 तक मोबाईल एप्लीकेशन छत्तीसगढ़ रोजगार एप, ऑनलाईन सुविधा केन्द्र अथवा वेबसाईट erojgar.cg.gov.in के माध्यम से लिंक करा सकते है। रोजगार पंजीयन कार्ड पर अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है। नवीन पंजीयन, अतिरिक्त योग्यता एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव, दूरभाष क्रमांक 07744-299523 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सिनेमा लाइन से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग : परिहार ने बताया खतरा





राजनांदगांव (दावा)। राजपूत समाज के अध्यक्ष अजय सिंह परिहार ने राजनांदगांव शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के बीच सिनेमा लाइन स्थित एक ट्रांसफार्मर को हटाने की पुरजोर मांग की है।

श्री परिहार के अनुसार, यह ट्रांसफार्मर उनकी स्वयं की दुकान के सामने स्थित है और खुद एक अतिक्रमण का रूप ले चुका है, जिससे गंभीर खतरा बना हुआ है। श्री परिहार ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर कई बार आग लगने और दुर्घटनाओं का कारण बन चुका है। इसकी स्थिति सड़क मार्ग के बिल्कुल बीच में होने के कारण यह राहगीरों और दुकानदारों के लिए लगातार जोखिम पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विद्युत विभाग से कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन आज दिनांक तक इसे हटाया नहीं गया है। अजय सिंह परिहार ने जानकारी दी कि उन्होंने इस समस्या को लेकर सांसद, विधायक, महापौर और क्षेत्रीय पार्षद को भी पत्र लिखा है।

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)

**ई-नीलामी विज्ञापन**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशन किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धमरजयगढ़ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकड़ी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलामी किया जावेगा।

1. ई- नीलामी दिनांक - 23-07-2025
2. ई-नीलामी समय - प्रातः 9.00 बजे से प्रारंभ

| अ.क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठ घ.मी.में | बल्ली नग में | लट्ठ घ.मी.में | बल्ली नग में | लट्ठ घ.मी.में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 172.084 | 0 | 172.084 | 0 |
| 2 | साल | 930.000 | 0 | 1313.331 | 134 | 2243.331 | 134 |
| 3 | बीजा | 2.000 | 0 | 62.171 | 0 | 64.171 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0 | 0 | 6.901 | 0 | 6.901 | 0 |
| 5 | साजा | 2.000 | 0 | 39.071 | 832 | 41.071 | 832 |
| 6 | हल्दू | 1.000 | 0 | 15.381 | 0 | 16.381 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 2.000 | 0 | 1.152 | 721 | 3.152 | 721 |
| 8 | सलिहा | 0 | 0 | 5.868 | 0 | 5.868 | 0 |
| 9 | अन्य | 3.000 | 0 | 139.788 | 1146 | 142.788 | 1146 |
| 10 | आर.टी.एल. | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 940.000 | 1699 | 1755.747 | 2833 | 2695.747 | 2833 |
| 11 | जलाऊ | 350 चट्टा | - | 941 चट्टा | 0 | 1291 चट्टा | - |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी में भाग लेवें। ई-नीलामी की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपों से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी-अधिकता संभव है।

जी- 252602113/2

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल

## न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव
जिला-राजनांदगाँव

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गायत्री परिवार ट्रस्ट राजनांदगाँव द्वारा ट्रस्टी श्री जयंती बाई पटेल आ. अर्जुन भाई पटेल, निवासी-पटेल कालोनी राजनांदगाँव एवं यशवंत भाई ठक्कर आ. चिमन लाल ठक्कर, निवासी-कैलाश नगर, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम लखोली, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर 297/114, रकबा 27.25 डि., भूमि पर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनाँक 25 मई 2004 के आधार पर राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में आवेदक का नाम दर्ज कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 23/07/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 08/07/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनॉक :- 8/07/2025
पेशी दिनॉक :- 23/07/2025

तहसीलदार,
राजनांदगाँव

## न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202506095200023

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

विषय :- ब-121 सन् : 2024-25
ठाकुरटोला प.ह.नं. 00017 (हे.) पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-देवनाथ वर्मा अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक देवनाथ वर्मा आ. जोगीराम वर्मा जाति लोधी सा. ठाकुरटोला (को.) तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता जोगीराम वर्मा आ. चैतुराम वर्मा का मृत्यु दिनांक 01/09/2005 को ग्राम ठाकुरटोला (को.) में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 14/07/2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/06/2025 को जारी किया जाता है।

मेघा जैन
नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

# महापौर ने मोहारा शिवनाथ नदी के सभी गेट खोलने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। अत्यधिक वर्षा के कारण मोहारा नदी के जल स्तर बढ़ने पर आज महापौर मधुसूदन यादव मोहारा शिवनाथ नदी तथा जल संयंत्रगृह का निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य अलोक श्रोती, पार्षद चन्द्रकांत साहू के साथ निरीक्षण कर जल संसाधन विभाग व नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।


बहुत जल्द शहर में होगी दोनों समय पेयजल आपूर्ति-मधुसूदन यादव

महापौर श्री यादव ने मोहारा नदी निरीक्षण के दौरान नदी के जल स्तर एवं गेट खोलने के संबंध में जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता निलेश रामटेके ने बताया कि वर्तमान में 15 गेट खोले गये है और अत्यधिक वर्षा एवं मोगरा बैराज से पानी छोड़ने के कारण नदी का जल स्तर बढने पर शेष गेट नही खुल पाया है, नदी का जल स्तर कम होने पर गेट खोला जाएगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि संबंधित अधिकारी एनीकट की प्रतिदिन मानिटरिंग करें और जल स्तर कम होने पर तत्काल शेष गेट खोलने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि कई वर्षो से एनीकट का गेट नहीं खुला है जिससे रेत व सील्ट जमा होने से नदी की संग्रहण क्षमता कम हो गई है। सभी गेट खुल जाने से रेत एवं सील्ट बह जायेगा जिससे नदी मे संग्रहण क्षमता बढ़ेगी। संग्रहण क्षमता बढ़ने से इसका लाभ गर्मी में समुचित पेयजल सप्लाई के लिए मिलेगा।

महापौर ने कहा कि इस गर्मी में नदी का जल स्तर कम होने पर एनीकट के पास से चेन माउंटेन के माध्यम से सील्ट एवं कचरा निकालने की कार्यवाही की गई थी। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से कहा कि एनीकट का सत्त निरीक्षण कर उसकी सफाई, मरम्मत एवं संधारण के कार्यो को प्राथमिकता से करें, जिससे नदी में पर्याप्त पानी का भण्डारण हो सकें। उन्होंने दोनों समय पेयजल सप्लाई के विषय पर कहा कि इस गर्मी नदी में जल की कमी के कारण दो दिन में तीन समय पेयजल सप्लाई की जा रही है। नदी में पानी के संग्रहण के आधार पर बहुत जल्द शहर में दोनों समय पेयजल आपूर्ति की जावेगी।

महापौर ने जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर वर्तमान व्यवस्था के संबंध में निगम के अधिकारियों से जानकारी लिए। आयुक्त ने जानकारी दी कि तीनो पालियों में कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन कर रहे है, मशीनों में छोटी-मोटी खराबी आने पर उसकी तुरंत मरम्मत की जा रही है, बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने पर सभी कर्मचारियों को एलर्ट रहने कहा गया है। महापौर ने कहा कि जल संयंत्रगृह में आवश्यक सामग्री फिटकरी, ब्लीचिंग, क्लोरिन गैस का पर्याप्त भंडारण रखे, इसके अलावा आवश्यक उपकरण भी रखना सुनिश्चित करे, इंटकवेल में कचरा फंसने पर उसे तत्काल निकाले, जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी प्लांट में भरने पर तत्काल निकासी की व्यवस्था करें। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग की एसडीओ श्रीमती किरण रामटेके, जल विभाग की प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता अनुप पाण्डे सहित प्लांट के कर्मचारी उपस्थित थे।

# मलेशिया में एनबीआईएस बोरी के बच्चों का शानदार प्रदर्शन, अचिंत्य श्रीवास्तव प्रथम



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल (एनबीआईएस) बोरी के छात्रों ने हाल ही में मलेशिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैथ्स अबेकस ओलंपियाड 2025 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 28 जून को माइंड मेमोरी एजुकेशन संस्था द्वारा मलेशिया के जेंटिंग हाइलैंड, पहांग में आयोजित इस प्रतियोगिता में एनबीआईएस के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। इस अंतर्राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में 12 देशों के लगभग 4000 बच्चों ने हिस्सा लिया था। जिसमें एनबीआईएस के पांच छात्रों ने अपने-अपने स्तर पर शीर्ष तीन में जगह बनाई।

विजेता छात्र

अचिंत्य श्रीवास्तव (कक्षा पांचवीं) प्रथम, अनय मोटवानी (कक्षा पांचवीं) द्वितीय, अरनव रामटेके (कक्षा पांचवीं) द्वितीय, प्रियल दिनेश विघने (कक्षा पांचवीं) तृतीय, साहिल जैन (कक्षा आठवीं) तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से, कक्षा पाँचवीं के छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव ने मात्र दो मिनट पचास सेकंड में 120 सवालों के जवाब देकर प्रथम स्थान हासिल किया, जो उनकी असाधारण गति और सटीकता को दर्शाता है। बच्चों की इस रिमार्केबल उपलब्धि पर पूरा स्कूल परिवार गौरवान्वित है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें और उनके परिजनों को बधाई दी। श्री बाजपेयी ने कहा कि छोटी उम्र में बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें सही दिशा व मार्गदर्शन देना सफलता की पहली सीढ़ी है।

शाला के अबेकस शिक्षक रमाकांत साहू के मार्गदर्शन की भी सराहना की गई। जिन्होंने बच्चों को इस उपलब्धि तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी ने बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह स्कूल के लिए गर्व का क्षण है और भविष्य में भी ऐसी ही उपलब्धियों की अपेक्षा है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षकगण और सभी कर्मचारियों ने अबेकस शिक्षक और विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सीईओ जिला पंचायत ने लखपति दीदी श्रीमती रमोतिन ठाकुर को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- गृहिणी से सफल किसान बनने की कहानी रोचक
- रमोतिन ने स्वयं ट्रैक्टर चलाना सीखा और बनी सक्षम किसान



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज कार्यालय जिला पंचायत में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम सागर की लखपति दीदी श्रीमती रमोतिन ठाकुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लखपति दीदी श्रीमती रमोतिन ठाकुर 11 जुलाई को रायपुर में आयोजित लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपनी सफलता की कहानी प्रस्तुतीकरण करेंगी।

उल्लेखनीय है कि लखपति दीदी श्रीमती रमोतिन ठाकुर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत वीणा स्वसहायता समूह की सदस्य है। महिलाएं भी खेती-किसानी का कार्य कर सकती है, इसकी एक मिसाल है। एक गृहणी से एक सक्षम किसान बनने की उनकी कहानी रोचक है। उन्होंने बैंक से ऋण लेकर ट्रैक्टर खरीदने का निर्णय लिया। वाहन चालक को प्रतिमाह अधिक वेतन देना पड़ता था, इसलिए उन्होंने स्वयं ट्रैक्टर चलाना सीखा। उन्होंने अपनी 3 एकड़ बंजर भूमि को कृषि भूमि बनाया। जिससे उनकी आय दोगुनी हो गई। उनकी वार्षिक आय 1 लाख रूपए से अधिक है तथा वे एनआरएलएम की विभिन्न गतिविधियों से जुड़ी हुई है।

# एलटीटी भुवनेश्वर एक्सप्रेस में पकड़ा गया पैंट्री कार मैनेजर, प्रतिबंधित हीटर के साथ गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन संरक्षा के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में गाड़ी संख्या 12879 एलटीटी भुवनेश्वर एक्सप्रेस में एक बड़ी कार्रवाई की है. इस दौरान पैंट्री कार में प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक हीटर का उपयोग करते हुए सहायक पैंट्री कार मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है.



## ऑपरेशन संरक्षा : सुरक्षा को प्राथमिकता

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार, आरपीएफ द्वारा ट्रेनों और रेल परिसरों में विस्फोटक/ज्वलनशील पदार्थ की अवैध आवाजाही और पैंट्री कार में गैस सिलेंडर, प्रतिबंधित हीटर आदि के उपयोग की रोकथाम के लिए ऑपरेशन संरक्षा चलाया जा रहा है. महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, धेसुब/दपूमरे/नागपुर मुन्नशवर खुर्शीद और मंडल सुरक्षा आयुक्त-रेसुब, दपूमरे नागपुर मंडल दीपचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में नागपुर मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों और यात्री गाड़ियों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है और यात्रियों को ज्वलनशील पदार्थ के अवैध परिवहन के दुष्परिणामों और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है.

## सहायक पैंट्री कार मैनेजर गिरफ्तार

इसी क्रम में 9 जुलाई को आरपीएफ अपराध गुप्तचर शाखा/दपूमरे-नागपुर के अधिकारियों ने 12879 एलटीटी भुवनेश्वर एक्सप्रेस में फायर सेफ्टी ड्राइव के दौरान पैंट्री कार की जांच की. इस जांच में, सहायक पैंट्री कार मैनेजर नागेंद्र शर्मा (उम्र 42 वर्ष, निवासी-धर्मगढ़, जिला मुरैना, म.प्र.) को पैंट्री कार में इलेक्ट्रॉनिक हीटर कढ़ाई से खाद्य पदार्थ तैयार करते हुए पकड़ा गया. उसके पास से एक अलग कनेक्शन वायर से अतिरिक्त 1 नग प्रतिबंधित हीटर भी मिला, जिससे वह खाद्य सामग्री बना रहा था. पूछताछ करने पर नागेंद्र शर्मा ने बताया कि वह जल्दी से खाद्य सामग्री तैयार करने के लिए इस हीटर का उपयोग कर रहा था. उसे बताया गया कि यह कार्य रेल अधिनियम की धारा 164/153 के तहत अपराध है. मौके पर गवाहों के समक्ष 6000 रुपये की अनुमानित कीमत वाले हीटर और कढ़ाई को जब्त किया गया.

## कानूनी कार्रवाई

अग्रिम कानूनी कार्यवाही के लिए जब्त संपत्ति को आरपीएफ पोस्ट गोंदिया को सौंपा गया, जहां सहायक पैंट्री कार मैनेजर के खिलाफ अपराध क्रमांक 2323/25, रेल अधिनियम की धारा 164/153 के तहत 9 जुलाई को मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्यवाही की गई. रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा के मद्देनजर सभी प्रकार की गतिविधियों और संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए गाड़ियों में गहन जांच अभियान और चेकिंग का संचालन कर रहा है, जिससे यात्रियों की यात्रा सुरक्षित सुनिश्चित की जा सके. यह कार्रवाई साबित करती है कि ज्वलनशील/विस्फोटक पदार्थों की अवैध आवाजाही/ उपयोग को रोकने में आरपीएफ की मुस्तैदी अत्यंत प्रभावी है.

## यात्रियों से अपील

आरपीएफ ने समस्त नागरिकों और यात्रियों से अपील की है कि रेलवे में यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ (विस्फोटक) साथ में लेकर यात्रा न करें. यदि आपके संज्ञान में ऐसी कोई संदिग्ध गतिविधि आती है, तो इसकी सूचना कार्यरत आरपीएफ, राजकीय रेल पुलिस (जीआरपीएफ), अन्य रेल कर्मचारी अथवा नजदीकी आरपीएफ/जीआरपीएफ थाने में तत्काल दें, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना/जानमाल के नुकसान से बचा जा सके.

# मिथिला धाम में मोनी बाबा के चरण पादुका का दुग्धाभिषेक





राजनांदगांव (दावा)। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में पूज्य मोनी बाबा के चरण पादुका का भक्तों के द्वारा दुग्धाभिषेक किया गया। पूज्य गुरुदेव के गुरु पूजन कार्यक्रम में भारतवर्ष के मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु के अलावा बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, दल्लीराजहरा एवं राजनांदगांव तथा गणेश मंदिर से जुड़े हुए भक्तगण शामिल हुए। बहुत ही हर्ष के माहौल में गुरुदेव मोनी बाबा के जयकारा के साथ लोगों ने गुरु पूजन किया। सुबह 9:00 बजे से पूजन प्रारंभ हुआ, जो की 2:00 बजे तक अविरल चलता रहा, 3:30 बजे गुरुदेव दल्ली राजहरा श्री राम मंदिर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए।

## शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

राजनांदगांव(दावा)। शहर के शांति विजय कॉलोनी समीप शिव धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा शिव परिवार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर से लाई गई शिवलिंग की पूरे रीति-रिवाज के साथ स्थापना की गई। तीसरे एवं अंतिम दिन नर्मदेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया था। वहीं भंडारे का आयोजन भी इस दिन किया गया। शिव धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा नव निर्मित इस मंदिर के भीतर नर्मदेश्वर महादेव भागवन के साथ ही शिव परिवार की मूर्ति स्थापित की गई है। इस आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन मंगलवार को सुबह से मंदिर में सार्वजनिक शिव मंदिर में आराधना का दौर शुरू हो गया था।

# 62 वर्षीय जेसीबी दीदी : श्रीमती दमयंती सोनी का असाधारण साहस और कौशल

राजनांदगांव (दावा)। जेसीबी, चेन माउंटेन और हाईवा जैसी भारी मशीनरी वाहनों को आसानी से ऑपरेट कर अपनी कौशल और साहस का परिचय राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खैरझिटी निवासी 62 वर्षीय श्रीमती दमयंती सोनी दे रही है। श्रीमती दमयंती सोनी को जेसीबी दीदी के नाम से भी जानी जा रही है। जेसीबी दीदी श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि वे भारी मशीनरी वाहनों के एक्स-पो में शामिल होने देश के साथ विदेशों में भी प्रदर्शन किया है, जिसमें उन्हें सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि वे बैंगलोर, दिल्ली, ग्रेटर नोएडा, नेपाल, अहमदाबाद के एक्स-पो कार्यक्रम में शामिल हुई है और वहां सफलतापूर्वक अपने हुनर का प्रदर्शन किया है। ओड़िसा सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जेसीबी दीदी श्रीमती दमयंती सोनी का सम्मान किया है। जेसीबी दीदी श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि वे एक्स-पो कार्यक्रम में शामिल होने मलेशिया और जापान जाऐंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से 3 लाख 76 हजार रूपए की राशि मिली है। जिससे वे दिसंबर में जापान जाएगी। अगस्त 2025 में मलेशिया के कार्यक्रम में शामिल होंगी। जहां वे अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी।



- मुख्यमंत्री से जापान जाने के लिए मिली 3 लाख 76 हजार रूपए की मदद
- जापान और मलेशिया में होने वाले एक्स-पो में होंगी शामिल

जेसीबी वाली दीदी श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि पति की असामयिक मृत्यु ने उन्हें मजबूत बना दिया और बच्चों के परवरिश की जिम्मेदारी को देखते हुए उन्होंने जेसीबी चलाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि उनके पति स्वर्गीय उत्तम कुमार सोनी किराए से जेसीबी चलाते थे। जिसे वे प्रतिदिन देखती थी। उन्होंने धीरे-धीर जेसीबी चलाना सीख लिया। पति की मृत्यु के बाद वे जेसीबी चलाने लगी और यही उनकी आजीविका का साधन बना। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अनमोल ने इसी वर्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है। बेटी का विवाह भी हो गया है। 62 वर्षीय श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि वे एक दिन में 30-35 बार मिट्टी एवं मुरूम हाईवा में भर लेती है। मशीनरी वाहनों को आपरेट करते हुए कुशलता से चला लेती है। वह वर्ष 2012 से जेसीबी चला रही है। अन्य राज्यों में समय-समय पर होने वाले एक्स-पो में शामिल हुई और वहां अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। सामान्यतः यह माना जाता है कि ऐसे मशीनरी वाहन चलाना पुरूषों का कार्य है, लेकिन उन्होंने हिम्मत जुटाई और जज्बे के साथ इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक कर रही है।

# आरकेसी में धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर शिक्षकों और बच्चों ने गुरु की महिमा के बारे में चर्चा की और अपने विचार साझा किए।



कार्यक्रम के दौरान रचित साहू दक्षिणा पटनायक, मानवी साहू, वान्या सिंह तोमर, भार्गवी कुर्रे अंश नाहटा, सिमोनी ढोक, सुहा साहू, अवनी श्रीवास्तव ने दोहे और कविताएं पढ़कर गुरु की महिमा को दर्शाया। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान और समझ की प्राप्ति असंभव है। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया और बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

शाला के सभी बच्चों ने शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। शिक्षकों ने भी बच्चों की भावनाओं को समझा और उन्हें अपने ज्ञान और अनुभव से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर रॉयल किड्स कॉन्वेंट के प्रशासक संजय बहादुर सिंह ने कहा 'गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हमें अपने शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त करना चाहिए। गुरु के बिना हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ. श्रीमती सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, बोर्ड मेंबर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांस बहादुर सिंह बरसर आई के वैष्णव एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, मनीषा सिंह, सुश्री सरिता सिंग, श्रीमती अपर्णा वर्मा व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 'गुरु जगत में सर्वश्रेष्ठ पात्र हैं' - वीरभद्र मुनि

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य श्री वीरभद्र (विराग) मुनि ने आज जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि सद्गुरु अनंत काल से हैं और गुरु जगत में सर्वश्रेष्ठ पात्र हैं, जो हमें आत्म कल्याण के मार्ग पर ले जाते हैं। उन्होंने भक्तों को गुरु को पहचानने और स्वयं को उन्हें समर्पित करने का आह्वान किया। वीरभद्र मुनि ने समझाया कि गुरु को पहचानने के लिए स्वयं का अस्तित्व मिटाना पड़ता है और पूरी तरह समर्पण करना पड़ता है। गुरु को उनकी वेशभूषा से नहीं, बल्कि उनके ज्ञान और गुणों से पहचाना जा सकता है। उन्होंने कहा, 'एक बार गुरु को पहचान गए तो फिर स्वयं को उनके हवाले कर दीजिए। इस समर्पण का परिणाम अच्छा मिलेगा और आप अपने आपको आत्म कल्याण के मार्ग की ओर बढ़ते पाएंगे।'

## 'सम्यक दर्शन की प्राप्ति में गुरु का महत्व' पर भक्तों ने व्यक्त किए भाव

प्रवचन से पूर्व, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 'सम्यक दर्शन की प्राप्ति में गुरु का महत्व' विषय पर उपस्थित लोगों ने अपने भाव व्यक्त किए। श्रीमती ज्योति कोठारी ने कहा, 'जो बंधन से बंधा रहा, वह मुक्ति के बारे में क्या जानेगा? बंधन से मुक्त होने के लिए गुरु की आवश्यकता होती है और फिर गुरु हमें आत्म कल्याण के मार्ग पर ले जाता है।' सुश्री वंदना पारख ने कहा कि गुरु के बिना मुक्ति संभव नहीं है। श्रीमती आभा डाकलिया एवं श्रीमती प्रीति कोटडिया ने सम्यक दर्शन के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त, श्रीमती चंचल लोढ़ा, श्रीमती पलक मूणत, श्रीमती आभा डाकलिया, पूनम लालवानी, मनीष झावक, वर्धमान छाजेड, सुश्री अंजलि बोथरा, श्रीमती स्वाति नवलखा, श्रीमती सुषमा गोलछा, श्रीमती नमिता बैद, श्रीमती गुणवंती गोलछा एवं श्रीमती विमला जी पारख ने भी अपने विचार व्यक्त किए।


राजनांदगांव में गुरु पूर्णिमा पर विशेष प्रवचन

सभी वक्ताओं ने सम्यक दर्शन और गुरु के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि गुरु हमें अंधकार से उजाले की ओर ले जाते हैं, आत्मज्ञान कराते हैं, और मोक्ष के द्वार तक ले जाते हैं। उन्होंने जोर दिया कि सद्गुरु को पाने की चाह सभी को रहती है, उन्हें पहचानें और अपने आपको समर्पित कर दें। इसका परिणाम अच्छा निकलेगा और आप आत्म कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गुरु हमारी अशुद्धियों को हमसे दूर कर हमें तराशते हैं और फिर आत्म कल्याण की ओर बढ़ने का मार्ग बताते हैं। गुरु के बिना सम्यक दर्शन की प्राप्ति का मार्ग संभव ही नहीं है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 7 साल बाद गिरफ्तार

डोंगरगांव (दावा)। नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चल रहे मोहम्मद मुस्ताक (39 वर्ष) को घटना के सात साल बाद डोंगरगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस मामले का मुख्य आरोपी त्रिलोक साहू पहले ही जेल भेजा जा चुका है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थियां ने 15 फरवरी 2018 को डोंगरगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। इस शिकायत पर धारा 363 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। 21 मार्च 2018 को अपहृता अपने घर लौट आई और पूछताछ में उसने बताया कि ग्राम टाटीकसा निवासी त्रिलोक साहू ने उसे शादी का झांसा देकर डुंडेरा ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब त्रिलोक की पत्नी को इस बात का पता चला और उसने विरोध किया, तो त्रिलोक ने अपने परिचित मुस्ताक को बुलाया। मुस्ताक उसे यह कहकर अपने साथ मुंबई ले गया कि वह मुंबई जा रहा है और वहां उसने युवती का शारीरिक शोषण किया। युवती को मौका मिलते ही उसने मुस्ताक के मोबाइल से त्रिलोक को सूचना दी, जिसके बाद त्रिलोक उसे मुंबई से वापस डुंडेरा अपने घर ले आया। हालांकि, त्रिलोक की पत्नी के मना करने पर उसने युवती को वापस उसके गृहग्राम छोड़ दिया। इसके बाद, अपहृता के परिजनों ने डोंगरगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई और उसके बयान के आधार पर त्रिलोक साहू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपी मोहम्मद मुस्ताक पिता स्व. अली अहमद मुस्ताक निवासी बसंत खरोनाडीह, पोस्ट-मरबन, जिला-मुजफ्फरपुर, बिहार की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीपसिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

पुलिस ने पूर्व में भी मुजफ्फरपुर, बिहार स्थित आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी थी, लेकिन वह घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था। उसके पता लगाने के लिए मुखबिर लगाए गए थे, जिस पर 9 जुलाई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि मुस्ताक वर्तमान में ओडिशा में रह रहा है और पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजनांदगांव आया है। मुखबिर की सूचना के आधार पर इंदामरा में दबिश दी गई। जहाँ मुस्ताक मिला और पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## अनमोल दावा

> जीवन में शांति चाहते हैं तो दूसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें।

# राजनीतिक दुर्भावना का निशाना बनी हिंदी

संकीर्ण राजनीति जनहित तथा राष्ट्रहित के बजाय तुच्छ स्वार्थ से संचालित होती है। ऐसी राजनीति करने वाले नेता वास्तविक मुद्दों के बजाय जाति, क्षेत्र और भाषा के छद्म मुद्दों पर जनता को बरगलाते हैं, जिसमें स्वार्थ प्रथम और जनहित या राष्ट्र अंतिम होता है। ऐसी ही राजनीति इन दिनों महाराष्ट्र में हिंदी विरोध के नाम पर देखी जा रही है। कथित भाषा को लेकर हो रही यह राजनीति राष्ट्रहित में तो नहीं ही है, बल्कि च्मराठी मानुषज् के लिए भी हितकारी नहीं है। यह हालिया विवाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा पांच तक के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य बनाने के राज्य सरकार के फैसले से शुरू हुआ। हालांकि विरोध के बाद हिंदी को वैकल्पिक कर दिया गया, लेकिन अपना सियासी वजूद गंवा रहे उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने इसमें तमिलनाडु या कर्नाटक की तर्ज पर एक मौका देखा।

यूबीटी और मनसे ने मिथ्या आरोप लगाया कि सरकार मराठियों पर हिंदी थोप रही है। हिंदी के इस विरोध के पीछे विशुद्ध राजनीतिक स्वार्थ दिखता है, जिसकी अभिव्यक्ति उस मंच पर दिखी जब दशकों तक एक दूसरे के विरोधी रहे उद्धव और राज ठाकरे एक साथ आ गए। साफ है कि बीएमसी सहित आगामी निकाय चुनाव से पहले अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए ये नेता हिंदी विरोध को आखिरी दांव के रूप में आजमा रहे हैं।

हिंदी एवं उत्तर भारतीयों का विरोध करने वाले इन नेताओं को जानना चाहिए कि मराठी अस्मिता के दो सबसे प्रखर प्रतीक छत्रपति शिवाजी और उनके पुत्र छत्रपति संभाजीराजे का हिंदी और हिंदी क्षेत्र के लोगों से क्या संबंध था। जब औरंगजेब ने 1666 में शिवाजी को आगरा में धोखे से नजरबंद कर लिया, तब टोकरियों में छिपकर भगाने में स्थानीय हिंदी पट्टी के लोगों की अहम भूमिका रही।

यही नहीं, शिवाजी ने 1674 में अपने राज्याभिषेक के लिए काशी यानी हिंदी क्षेत्र के ही पुरोहितों को बुलाया था। शिवाजी के पुत्र संभाजीराजे का भी हिंदी वालों से गहरा नाता था। इतिहासकार जदुनाथ सरकार च्शिवाजी एंड हिज टाइम्सज् पुस्तक में बताते हैं कि संभाजीराजे हिंदी के अच्छे विद्वान थे। उन्होंने हिंदी भाषा में च्सातशतकज्, च्नखशिखाज् और च्नायिकाभेदज् नामक तीन पुस्तकें भी लिखीं। मराठा इतिहास के एक महत्वपूर्ण स्रोत च्मराठी बखरोंज् के अनुसार काशी, प्रयाग, मथुरा आदि से उनका आत्मीय संपर्क रहा, जहां से विद्वानों-कलाकारों को वे बुलाते थे।

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में एक अस्त्र बनाने का विचार महाराष्ट्र के ही एक सपूत ने दिया था। 1864 में महाराष्ट्र के श्रीमान पेंठे ने मराठी भाषा में च्राष्ट्रभाषाज् नामक पुस्तक में लिखा कि आज देश की एकता के लिए एक भाषा की जरूरत है और वह भाषा हिंदी ही हो सकती है। महाराष्ट्र के ही लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, गोपाल कृष्ण गोखले और काका कालेलकर आदि ने भी हिंदी अपनाने की पुरजोर वकालत की। आज महाराष्ट्र की जनता को शिवाजी, संभाजीराजे और स्वाधीनता आंदोलन की महान, उदार विरासत को बताने की जरूरत है ताकि वे इन संकीर्ण नेताओं के बहकावे से बच सकें।

उद्धव ठाकरे की पोल तो इस तथ्य से भी खुल जाती है कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तभी हिंदी को मराठी एवं अंग्रेजी कक्षा के साथ-साथ कक्षा एक से 12 तक अनिवार्य बनाने का फैसला जनवरी 2022 में कर लिया था। यह राजनीतिक पाखंड की पराकाष्ठा ही है कि बीएमसी समेत आगामी निकाय चुनावों में राजनीतिक लाभ के लिए उद्धव आज हिंदी विरोध को हवा दे रहे हैं।

इन नेताओं का राजनीतिक मुखौटा तब एकदम बेनकाब हो जाता है कि मराठी भाषा की चिंता करने वाले ठाकरे बंधु मुस्लिम इलाकों में मराठी के प्रश्न पर चुप्पी साध लेते हैं। मुस्लिम वोट बैंक के बारे में उद्धव गुट के नेता संजय राउत का हालिया कथन है कि मुस्लिम वोटों की चिंता करने की जरूरत नहीं, क्योंकि सब लोग हमारे साथ हैं। दरअसल यह मुस्लिम वोट बैंक छिटक न जाए, इसलिए मुस्लिम इलाकों में मराठी लागू कराने की उनकी कोई मंशा नहीं।

महाराष्ट्र के बच्चों को हिंदी से वंचित करना उनके करियर के लिए भी ठीक नहीं। इसे भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि मुंबई में ही हिंदी फिल्म एवं मनोरंजन उद्योग केंद्रित है, जिससे लाखों मराठी लोगों की आजीविका चलती है। आज करियर की भाषा के रूप में हिंदी एक नया मुकाम बना रही है। देश के चार सबसे बड़े अखबार हिंदी भाषा के ही हैं। देश में सबसे अधिक टीवी और यूट्यूब चैनल हिंदी के हैं। टेलीविजन विज्ञापनों में 70 प्रतिशत से अधिक विज्ञापन हिंदी में हैं, जिनके लिए हिंदी कापीराइटर्स चाहिए।

भारत के हर राज्य या महाराष्ट्र के ही तमाम विश्वविद्यालयों और कालेज में हिंदी पढ़ाई जाती है। यहां तक कि 200 विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। आर्थिक रूप से उभरते भारत में मल्टीनेशनल कंपनियों को अपने कंटेंट के लिए भारतीय भाषाओं और मुख्य रूप से हिंदी के कंटेंट राइटर या एडिटर की आवश्यकता होगी। दिल्ली विश्वविद्यालय में ही हिंदी पढ़ने वाले विदेशी छात्रों की संख्या एक दशक में दोगुनी हो गई है। हिंदी का विरोध महाराष्ट्र के बच्चों को तमाम अवसरों और नई संभावनाओं से वंचित ही करेंगे। इसके अतिरिक्त हिंदी का विरोध राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द के लिए भी ठीक नहीं। महाराष्ट्र के लोगों को यह भी समझने की जरूरत है कि च्महाराष्ट्रज् नाम ही एक व्यापक भाव भूमि का प्रतीक है। महाराष्ट्र यानी वह क्षेत्र जो राष्ट्र का महाभाव लिए है, जो देश के सभी हिस्सों के लोगों को आत्मीय भाव से अपनाता हो।

# 352 करोड़ रुपये का कारोबार

## देश के कई नामी अस्पताल तक में नकली दवा सप्लाई होने का हुआ है खुलासा

**शंकर सिंह**

नकली दवा के कारोबार में करोड़ों रुपये का मुनाफा होने से सिंडिकेट से जुड़े मेंबर्स दोबारा इसी धंधे को करने लग जाते हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जिस रैकेट का भंडाफोड़ किया है. उसका सरगना पिछले साल भी नकली अवैध दवा की बड़ी खेप के साथ अरेस्ट हो चुका था। वह महज तीन महीने बाद जमानत पर छूट कर आ गया था। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि पुलिस इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) या भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत केस दर्ज करती है। इसके तहत अधिकतम सजा का प्रावधान सात साल है। इसी का फायदा उठा कर आरोपी जमानत लेने में सफल रहते हैं।

पुलिस अफसर बताते हैं कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के अपने ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट होते हैं। इनके पास ड्रग इंस्पेक्टर होते हैं, जिनका काम नकली या अवैध दवाओं को धंधे पर निगरानी करना होता है। ये दवाइयों की फैक्ट्रियों से लेकर मेडिकल शॉप तक छापेमारी कर सकते हैं और सैंपल लेकर जांच के लिए भेज सकते हैं। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के तहत मुकदमा दर्ज करने का अधिकार इन्हीं के पास होता है। इसके तहत नकली दवा का काम करने वालों को उम्रकैद तक का प्रावधान है। अगर ड्रग डिपार्टमेंट और पुलिस मिलकर नकली दवा के खिलाफ अभियान चलाए तो ज्यादा कारगर रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में कहा है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के तहत मुकदमा दर्ज करने का अधिकार पुलिस के पास नहीं है। इसे सिर्फ ड्रग इंस्पेक्टर ही कर सकता है। लिहाजा केंद्र और राज्य ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट को इसके लिए कारगर योजना बनाने की दरकार है। पुलिस अधिकारी बताते हैं कि इनकी जांच और केस करने की प्रक्रिया भी काफी लंबी है। ड्रग इंस्पेक्टर पहले नकली बताई जा रही दवा का सैंपल लेगा, जिसे लैब में भेजा जाएगा। इसकी रिपोर्ट आने में एक से डेढ़ साल तक लग जाता है। इस अवधि में नकली दवा के सिंडिकेट की तरफ से अहम सबूत नष्ट करने की आशंका रहती है। पुलिस आईपीसी या बीएनएस के तहत ही मुकदमा दर्ज कर सकती है, जिनमें कड़ी सजा का प्रावधान नहीं है। पुलिस अफसर बताते हैं कि नकली दवा के धंधे से जुड़े आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए पूरी चेन को पकड़ना जरूरी है, ताकि यह साबित हो सके कि ये सभी सोची-समझी साजिश के तहत धंधा कर रहे हैं। नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री, सप्लायर, ट्रेडर, रिटेलर और कंस्यूमर की पूरी चेन तक पहुंचना पड़ता है। आपस में मिलीभगत के साक्ष्य जुटाने पड़ते हैं। अगर यह कड़ी नहीं जुड़ पाई तो दुकानदार या ट्रेडर था दुकानदार यह कहने लगता है कि उसने दवा खरीदी है. जिसका नकली होने का उसे पता ही नहीं था। इस वजह से जान को जोखिम में डालने में जुटे 'जीवन भक्षक' दवा बाजार में उतारने वाले आसानी से कोर्ट से जमानत में तेने में सफल रहते हैं। इसके बाद फिर से नकली दवा को सिंडिकेट को जिंदा कर लेते हैं। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए इन नकली दवाओं को धड़ल्ले से बेचते हैं। आम पब्लिक बाजार से सस्ते रेट में मिलने से इन्हें खरीद लेती है। देश के कई नामी अस्पताल तक में नकली दवा सप्लाई होने का खुलासा हुआ है। पुलिस अफसर बताते हैं कि दिल्ली के एक नामी अस्पताल की जांच में खुलासा हुआ कि वहां तीन महीने में कैंसर के 7300 मरीज ओपीडी में आए थे. जिनमें से सिर्फ छह फीसदी ही जीवित थे।



भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली

### विदेश से आती नकली दवा की खेप

**कूरियर के जरिए भी विदेशों से आ रही नकली दवाएं**

दिल्ली पुलिस ने पिछले साल एक सीरियाई नागरिक को नकली दवा रैकेट से जुड़ होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि ये कूरियर के जरिए उन देशों से दवा मंगवाने का दावा. करता था, जहां ये सस्ती मिलती थी। इसकी आड़ में वो असली के बीच में नकली दवा या इंजेक्शन में डाल देता था। यानी अगर पांच बॉक्स असली दवा हैं तो पांच नकली भी डाल दी जाती थी। यह इस तरह से पैक होती थी, जिसे पकड़ना मुमकिन नहीं था। विदेश से सस्ती दवा के लालच में जरूरतमंद इनके झांसे में आ जाते हैं। पूरी चेन को पकड़ना और साबित करना मुश्किल होता है। इससे आरोपी जमानत लेने में सफल रहते हैं।

### 67 फीसदी नकली दवा जानलेवा

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, दुनिया में नकली दवा का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। इनमें से 67 फीसदी जान के लिए खतरा होती हैं। बाकी खतरनाक ना हों, लेकिन इलाज वाला सॉल्ट उनमें नहीं होता है। इस वजह से मरीज ठीक नहीं होता है, जिसकी तबीयत बिगड़ती चली जाती है। आखिर में मौत के मुंह तक चला जाता है। नकली या. घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं, जिनका देश में 352 करोड़ रुपये का कारोबार है।

राष्ट्र पत्रिका से सभार

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र : संत दूसरों के दोषों को ढंककर उन्हें सुधारने का ही प्रयास करते हैं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



साधु चरित सुभ चरित कपासू। निरस बिसद गुनमय फल जासू ।।
जो सहि दुख परछिद्र दुरावा। बंदनीय जेहिं जग जस पावा॥
(राम-चरित मानस, बालकांड 01/03)

महान भक्त कवि तुलसीदास जी ने लिखा है कि संतों का स्वभाव कपास की तरह होता है। जिस तरह से कपास का फल नीरस, विशद और गुणमय होता है। यह कपास स्वयं धुने जाने, काते जाने और बुने जाने का कष्ट सहकर भी वस्त्र के रूप में दूसरों के तन को ढंक देता है, इसीलिए संसार में यश को प्राप्त करता है।

संतों के स्वभाव में निर्मलता होती है। वे हमेशा परोपकार और दूसरों के कल्याण के लिए जीते हैं। सामान्य मनुष्य और संतों में यही अंतर है कि साधारण मनुष्य के भीतर 'मैं और मेरा' की भावना होती है। उसकी प्राथमिकता स्वयं का ध्यान रखने और अपने परिवार के लिए सुख-सुविधा के साधन जुटाने की होती है। इसके बाद उसे सुविधा हुई तो वह जनकल्याण, परोपकार और दान के संबंध में सोचता है। वह ईश्वर को भी तभी याद करता है, जब पीड़ा दुःख और कष्ट में होता है।

इसके विपरीत साधु स्वभाव वाला मनुष्य 'मैं' के स्थान पर 'हम' और सभी प्राणी के हितार्थ सोचने वाला होता है। उसका ऐसा विचार होता है कि सभी के कल्याण में मेरा भी कल्याण है। अतः अलग से अपने लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है। वह किसी की पीड़ा दूर करने के लिए दौड़ पड़ता है। वह दूसरों के दोषों को उजागर करके किसी के लिए अपयश और निंदा की स्थिति निर्मित नहीं करता। वह दूसरों के दोषों को स्वयं ढंककर और उनके सम्मान और विश्वसनीयता की रक्षा कर उन्हें आत्मचिंतन और सुधार का अवसर उपलब्ध कराता है। इस प्रक्रिया में वह स्वयं कष्ट तथा पीड़ा पाता है, लेकिन लोक व्यवहार में अपने इस सद्भाव निर्मित करने के प्रयास के लिए वंदनीय हो जाता है।

## कविता

### शहर में रहना नहीं आया

आज शहर में रहते हुए
अनेक बरस बीत गया
किंतु मुझे शहर में रहना नहीं आया
गांव को छोड़कर शहर तो आ गया
किंतु गांव की संस्कृति, सभ्यता को
यहाँ नहीं बिखरा पाया
न रहन-सहन, न बोलचाल, न आत्मीयता
न तीज-त्यौहार को निखरा पाया
किंतु देखा परदेशिया लोगों को
साख जमाते हुए
क्षेत्रीय लोगों पर धाक जमाते हुए
किंतु मैं तो ठहरा गाँव का आदमी
सीधा-साधा, भोला-भाला
दूसरों के बातों में आने वाला
तभी तो अब तक पिछड़ा हूँ
प्रगति के पथ से बिछड़ा हूँ
चाहता तो हूँ इस बेगाने शहर में
अपनापन, अपनी पहचान बना सकूँ
भेदभाव, कटुता,
शोषण को दूर कर
निज रीति-रिवाज को मना सकूँ
किंतु हूँ दरिद्र, श्रमिक,
असहाय, धराशायी
साधन, संपन्नता से पिछड़ा भाई ।।



चन्द्रकांत खुंटे ''क्रांति''
जांजगीर-चाम्पा
(छत्तीसगढ़)

## (सामयिक कविता)

### अद्भुत हे हमर छत्तीसगढ़

अदौरी बरी ल खा, अउ मुनगा ल चुचर,
राजिम म जा अउ, बम्लई डोंगरी म चढ़,
डॉ. सुरेंद्र दुबे ह, केहे रिहिस हे,
इही हे हमर छत्तीसगढ़।।
कृषि मंत्री शिवराज ह आय रिहिस मैनपाट
बोहावत देखिस उल्टा पानी ल,
मुंह ले निकलगे अघात
इंहा सब कुछ सुंदर हे अड़बड़।
सिरतोन अद्भुत हे,
हमर छत्तीसगढ़।
लोग इंहा अइसने,
कतको आत-जात रहिथे,
रंग-रंग के गोठ अउ
बात-बानी, गोठियात रथे।
एक झन इसने नेता ह,
इंहा के माई लोगन ल,
कहि दे रिहिस हे, डौकी जात।
होय रिहिस किरकिरी
एकर अबड़ अघात
देख सुन के गोठियाना चहिए,
होय न कभु,
कोई गड़बड़।
सब्बो झन के गोठ-बात ल सुनइया,
अद्भुत हे हमर छत्तीसगढ़।।



आत्माराम कोशा
''अमात्य''
राजनांदगांव

## सामयिक चर्चा

### गुरू के रूप

गुरू पूर्णिमा पर लेख पढ़कर,
बानी-बोले - गजाधर
सचमुच, हमारे सनातन धर्म में
गुरू पूर्णिमा का दिन
अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है।
इस दिन भक्त अपने-अपने गुरू का
सम्मान के साथ उनकी वंदना करता है।
गजाधर ! हमें बताइए
आपके गुरू कौन है
किनको आपने सम्मान दिया ?
किनको आपने प्रणाम किया ?
गजाधर ने मुस्कराकर उत्तर दिया -
बानी ! जब हम स्कूल में पढ़ते थे,
तो जो हमें पढ़ाते थे, हम उन्हें गुरूजी कहते थे।
उनका सम्मान करते थे।
और जब हम सरकारी नौकर हो गये
तब हमारे गुरू, हमारे साहब हो गए।
वे जैसा कहते थे, वैसा करते थे।
रोज सुबह आफिस में उनको प्रणाम करते थे
अपने काम की शुरूआत करते थे।
शाम को फिर प्रणाम कर वापस घर चलते थे।
और अब रिटायरमेन्ट के बाद अखबार
हमारा गुरू हो गया है।
उसी के सानिध्य में,
हमारा समय खो गया है।
हमें रोज नयी-नयी बातें जानने
और सीखने को मिलती है,
जिससे मन प्रसन्न रहता है,
और तबीयत खिलती है।



गिरीश बख्शी

## कविता

### //चौमास//

दिन आए चौमास, झमाझम बरसै पानी।
उफनय नदिया पार, करै अब्बड़ मनमानी।।
सूरज देव लुकाय, छाय हे बादर करिया।
गिरै मूसलाधार, लबालब भरगे तरिया।।
बॉबी रुदुवा संग, पढ़ेना गोठ सुनावै।
भुंडा रोहू केंउ, हाँस के मजा उड़ावै।।
टपकै पानी बूँद, उछल ये बाहिर आथें।
लुका छिपी के खेल, करैं अउ बड़ इतराथें।।
जोंक मेचका सॉप, केकरा करै बसेरा।
किसम-किसम के जीव, नीर मा डारॅय डेरा।।
रहिथें जम्मो संग, देख के जाव नहाए।
हटिस थोरको ध्यान,
जीव संकट मा आए।।



प्रिया देवांगन
''प्रियू''
गरियाबंद

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे और पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज आप धैर्य और समझदारी बनाएं रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

**वृष राशि** — आज आपका बढ़ा हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलाएगा और आपका दिन बेहतर रहेगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति स्ट्रांग रहेगी। आज आपको कुछ मनोरंजक कार्य करने का मौका मिल सकता है। बच्चे आपके साथ कोई गेम खेलने की जिद कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे और आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्तों की मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक ठ्ठ ठाक रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। माता-पिता की सेहत में सुधार होगा। सब लोग मिल जुल कर काम करेंगें।

**सिंह** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। बिजनेसमैन आज अपने व्यापारिक फायदे के लिए कुछ बड़े बदलाव कर सकते हैं।

**कन्या** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और आपको कारोबार में धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिलायेगा। आज आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपके रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे।

**तुला** — आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में आपको शुभ समाचार मिल सकता है। आज आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना सकते हैं, रिश्ते बेहतर बने रहेंगे। आज आपको अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाये रखना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। संतान की ओर से आज आपको खुशखबरी मिल सकती है। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए दिन शुभ होने वाला है। किसी काम को पूरा करने के लिए आज आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं और काम - काज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही धैर्य और विनम्रता रखें।

**मकर** — आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा भी आपको बढ़िया मिलेगा। नए काम के लिए किसी से सलाह भी ले सकते हैं। नए इनकम सोर्स भी मिल सकते हैं। आज आपकी कामकाज के प्रति रुचि और बढ़ सकती है। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम होने वाला है। आज आपके धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज अपनों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और संबंधों के बारे में विचार करेंगे और नयी योजना बनाएंगे। आज जॉब सम्बन्धी परेशानी खत्म होने के योग हैं।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज आप ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आप किसी सामाजिक काम में हाथ बंटा सकते हैं। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा।

## सू- दोकू क्र. 105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.104 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# खाद की किल्लत, छुरिया क्षेत्र के किसान लौट रहे बैरंग

## मामला सेवा सहकारी समिति छुरिया का, किसानों में आक्रोश

छुरिया (दावा)। खेती किसानी कार्य में जुटे किसानों को खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। आषाढ़ का महीना बीत जाने के बाद सावन का महीना शुरू हो गया, लेकिन सेवा सहकारी समिति छुरिया क्षेत्र के लगभग 11 ग्रामों के किसानों को खाद नहीं मिलने से खेती किसानी कार्य में जुटे किसान संकट में पड़ गये हैं। रोजाना सैकड़ों किसानों को बगैर खाद लिए समिति से बैरंग लौटना पड़ रहा है। जिससे किसानों में समिति प्रबंधक के रवैये से आक्रोश व्याप्त है।




किसानों से मिली जानकारी अनुसार सेवा सहकारी समिति छुरिया क्षेत्र का सबसे बड़ा समिति है। इस समिति में लगभग 11 गांव शामिल है। समिति में दो हजार किसानों को पंजीकृत किया गया है, जिन्हें धान की फसल के लिए लगभग दो माह से डीएपी, यूरिया, पोटॉश, राखड़, सुपर फॉस्फेट खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है। बताया जाता है कि समिति क्षेत्र के लगभग एक हजार किसानों को अभी तक एक भी बोरी खाद नहीं मिलने से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। मजबूरन किसानों को बाजार से महंगे दामों में खाद लेना पड़ रहा है। रोजाना सैकड़ों किसान लंबीदूरी तय कर समिति छुरिया पहुंचते हैं। जहां खाद उपलब्ध नहीं होने से मायूस किसान बैरंग लौट रहे हैं। वहीं समिति प्रबंधक द्वारा उन्हें खाद उपलब्ध नहीं होने कहा जाता है तथा किसानों को जब खाद आयेगा तब आना कहा जाता है। जिससे समिति प्रबंधक एवं वहां कार्यरत कर्मचारियों के इस रवैये से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

### डीएपी नहीं, यूरिया पहुंचा

गुरूवार को छुरिया क्षेत्र के किसानों को पता चला कि समिति में डीएपी की जगह यूरिया खाद पहुंचा है तो वे बड़ी संख्या में पहुंच गए। जहां पहले से ही लाईन लगाए अन्य किसानों को वहां कार्यरत कर्मचारियों ने खाद उपलब्ध होने पर ही खाद दिया जायेगा कहा गया। जिससे वे नाराज दिखे। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लंबे समय के बाद सेवा सहकारी समिति छुरिया में लगभग 500 बोरी यूरिया खाद पहुंचा है, जिसे बांटने के लिए जद्दोजहद की जा रही है।

### व्यापारियों ने बढ़ाए खाद के दाम

छुरिया क्षेत्र के समितियों में डीएपी, यूरिया खाद की कमी होने से दुकानदारों ने खाद के दामों में बेतहाशा इजाफा कर दिया है। जिससे मजबूरन किसानों को महंगे दामों में खाद खरीदना पड़ रहा है।

# 'गुरु हमें जीवन देता है' - नीरज बाजपेयी

## नीरज विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई), मोहड़ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ।

संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं युवा शिक्षाविद इंजी. नीरज बाजपेयी सर ने अपने प्रभावी उद्बोधन में कहा कि हमें हर हाल में गुरु के कार्यों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने गुरु की तुलना कल्पवृक्ष से करते हुए कहा कि उसकी छाया में विद्यार्थी के सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, 'जिस तरह माँ हमें जन्म देती है उसी तरह गुरु हमें जीवन देता है।' संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने अपने संबोधन में कहा कि 'गुरु' सर्वोच्च शक्ति संपन्न होते हैं और उनकी यह शक्ति योग्य शिष्य को ही हस्तांतरित होती है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को योग्यता हासिल करनी चाहिए। प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ईश्वर के तुल्य होते हैं और हमारे जीवन में उनके आगमन से ही ज्ञान का प्रकाश फैलता है। कार्यक्रम में संस्था के विद्यार्थियों ने गुरु पर केंद्रित सुमधुर भजनों की सिलसिलेवार प्रस्तुतियां दीं। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं प्रशासक राम सिन्हा ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा पर्व की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रसंगानुरूप संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में घनश्याम तिवारी ने दी।

## पहला कॉलम...

### घुमका प्रज्ञा मंडल भवन में गुरू पूर्णिमा धूमधाम से मनी



घुमका (दावा)। घुमका में गुरूपूर्णिमा का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जिसमें गुरूदेव आचार्य श्रीराम शर्मा और माता भगवती देवी शर्मा और मां गायत्री के चित्र में पुष्प और प्रसादी के साथ एवं हवन पूजन गुरूदेव आरती माता गायत्री के विधि-विधान के साथ गायत्री मंत्रों के द्वारा हवन पूजन सम्पन्न हुआ जिसमें मंत्रों के उद्‌बोधन रामसिंग साहू के द्वारा किया गया। साथ ही घुमका प्रज्ञा मंडल के भाई बहनों की भीड़ गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय के साथ किया गया। जिसमें केशव प्रसाद वर्मा, नीलकंठ, सुरेश महराज, मिलाराम वर्मा, खिलेन्द्र सोनी, पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा, गीता ज्योति वर्मा, हेमिन साहू, पायल सोनी, मधु जंघेल, वेणु वर्मा, सबिता वर्मा, खुशमा वर्मा, सुभौतिन नीरा साहू, विनिता साहू, सोहूडा साहू, रेखा साहू, रानी वर्मा, लोकेश्री वर्मा, संतोषी वर्मा, जान बाई, शशिकला वर्मा आदि की उपस्थिति रही।

### बेटी के जन्मदिन पर पिता द्वारा गौ माता को हरी सब्जी का दान



डोंगरगढ़ (दावा)। गुरुवार को विशाल उमाशंकर अग्रवाल द्वारा अपनी बेटी श्रीं के जन्म दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला डोंगरगढ़ में गौ माता को सब्जियों का भण्डारा खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। श्री कृष्णा गौशाला की ओर से बिटिया श्रीं एवं विशाल उमाशंकर अग्रवाल को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। साथ ही लोगों से अपील की गई कि आप भी पधारें श्री कृष्ण गौशाला डोंगरगढ़ में और गौमाता की सेवा कर अन्य लोगों को सेवा कार्य के लिए प्रेरित करें।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बोर खनन के माध्यम से राजेंद्र वार्ड के लोगों को दिलवाई राहत



डोंगरगढ़(दावा)। वार्ड क्रमांक 15 में राजेंद्र दुकान के पास एवं विनोद सिन्हा के घर के पास 2 नग बोर खनन का कार्य वार्ड के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संपन्न करवाया गया। जिससे वार्डवासियों में भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार एवं धन्यवाद अर्पित किया। इस बोर खनन के कार्य को सम्पन्न करवाने में नगरपालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, श्रीमती गीता मानिकपुरी, श्रीमती मीना यादव, संजय यादव, श्रीमती रिया साहू, अनिल यादव, श्रीमती पूजा उज्जवने, श्रीमती गायत्री निषाद, श्रीमती सुशीला साहू आदि कार्यकर्ताओं की भूमिका रहीं। इस अवसर पर हीरा बाई साहू, शकुंतला सिन्हा, श्रीमती राम बाई, श्रीमती तीजिया सिन्हा, श्रीमती ललिता यादव, विनोद सिन्हा, राजू यादव, श्रीमती चंपा साहू आदि कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित हुए।

### ब्रह्मचारी आश्रम दर्री में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया



खुज्जी (दावा)। अंचल की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ब्रह्मचारी आश्रम दर्री में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रह्मचारी के पावन सानिध्य में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सत्यनारायण पूजा के बाद रुद्राभिषेक और गुरु चरण पादुका पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात, उपस्थित भक्तों ने सामूहिक गुरु पूजन कर संत श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम के संत ने उपस्थित गुरु भक्तों को बताया कि आज से तीन हजार वर्ष पूर्व, आषाढ़ मास की पूर्णिमा को ही महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि आज का दिन गुरु के सम्मान का दिन है, और हमें गुरु के बताए हुए सद्मार्ग पर चलकर, सत्य कर्मों को करते हुए जीवन सफल बनाने का प्रयास करना होगा। यही सच्ची गुरु भक्ति होगी।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट, छुरिया में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया



छुरिया (दावा)। वनांचल में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की अलख जगाने वाली प्रतिष्ठित संस्था रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में आज गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला गया और उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई, ताकि विद्यार्थियों में अपने गुरुजनों के प्रति आदर और सम्मान बना रहे। प्रार्थना सभा में बताया गया कि आज के इस आधुनिक युग में, जहाँ नई टेक्नोलॉजी को शिक्षा का माध्यम बनाया जा रहा है, फिर भी इससे गुरु की महत्ता कम नहीं होती। बल्कि, गुरु ही इस आधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर जीवन को सफल बनाने की राह दिखाते हैं। संस्था के डायरेक्टर एवं प्रशासक संजय बहादुर सिंह तथा डायरेक्टर जन्मेजय बहादुर सिंह ने भी अपने संदेश में कहा कि गुरु की प्रेरणा से ही विद्यार्थी जीवन सफल होता है। अतः गुरु का सम्मान करना चाहिए। संस्था के प्राचार्य गोपाल साहू और प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर ने भी प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को 'गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा' की महत्ता का उल्लेख कर गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला।

शिक्षिका श्रीमती चित्रा साहू ने बच्चों को बताया कि गुरु ही विद्यार्थी को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। इस पवित्र अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल और बर्सर आई.के. वैष्णव ने भी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

# शहर में शांतिभंग होने की अंदेशा पर 4 आदतन बदमाशों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



डोंगरगढ़(दावा)। शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आदतन अपराधियों/बादमाशों पर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। विगत अनेक दिनों से शहर में हो रहे चाकूबाजी जैसे अपराधों के रोकथाम हेतु आदतन अपराधियों पर कार्यवाही की गई। जिसके तहत शहर में शांतिभंग होने की अंदेशा पर 04 आदतन बदमाशों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत शहर में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने की अंदेशा पर 04 आदतन अपराधियों/बदमाश के विरूद्ध धारा-170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही किये गये अनावेदक हमेशा शहर में मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, चोरी, चाकूबाजी जैसे अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं, जिनके विरूद्ध आये दिन लड़ाई-झगड़ा, मारपीट करने जैसे शिकवा-शिकायत मिलती रहती है। कार्यवाही किये गये बदमाशों द्वारा आज भी शहर में बेवजह लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग कर रहा था। प्रतिबंधित किये गये आरोपियों में गेंदलाल ठाकुर पिता स्व. राजेश ठाकुर उम्र 20 साल निवासी अटल आवास डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव साहिल खान पिता कलिम उम्र 19 साल निवासी अटल आवास, राजू वर्मा पिता विष्णु वर्मा उम्र 27 साल निवासी कश्मीरी पारा, सन्तु कुर्रे पिता पन्चु कुर्रे उम्र 27 साल निवासी कचहरी चौक सभी थाना डोंगरगढ़ शामिल हैं।

# कांग्रेसियों ने ग्राम बरनारा स्थित आरटीओ के अवैध बैरियर के खिलाफ ग्रामीणों के साथ मोर्चा खोला

## एसडीएम डोंगरगढ़ को ज्ञापन देकर की गई कार्रवाई की मांग



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़-बोरतलाव मार्ग पर स्थित ग्राम बरनारा में पाटेकोहरा बैरियर के आरटीओ स्टॉफ द्वारा अवैध रूप से बैरियर लगाया जाता है। जहां पर न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी होता है, और न ही उनके पास कोई अधिकार पत्र होता है।

यहां पर अवैध रूप नियुक्त कर्मचारियों के द्वारा गाड़ियों से अवैध वसूली की जाती है। जांच के नाम पर की जाने वाली इस अवैध वसूली के स्थान पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या अधिकृत व्यक्ति उपस्थित नहीं होता। साथ ही स्थानीय छोटे वाहनों को भी इन कर्मचारियों द्वारा अवैध उगाई कर परेशान किया जाता है। आरटीओ बैरियर के नाम से किए जा रहे अवैध कार्य और भ्रष्टाचार के अड्डे को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की गई है। साथ ही आरटीओ बैरियर की जांच कर संबंधित कर्मचारियों पर तत्काल कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

0 कार्रवाई नहीं होने की दशा में उग्र आंदोलन करेंगे कांग्रेसी कार्यकर्ता

प्रशासन द्वारा शीघ्र ही उक्त बैरियर की जांच नहीं की जाती है और कार्यवाही नहीं की जाती है तो कांग्रेस पार्टी के द्वारा उग्र आंदोलन कर उक्त बैरियर को बंद कराया जाएगा। उक्त विषय को लेकर एसडीएम डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभासाहू, जनपद सदस्य नरेंद्र वर्मा लोकेश वर्मा, जिला सेवादल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटिया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष तरुण फूले, पार्षद राहुल यादव, के.विनायक राव, मुकेश सहारे, प्रकाश महानदी, संजीव गुप्ता, इंद्रपाल सिंह भाटिया, दिनेश साखरे, मदन सिन्हा, गजेंद्र साहू, मनोज सहारे, इमरान अहमद, राकेश टंडन, प्रकाश शर्मा, संजय सिन्हा, पवन मधुमटके, संतोष नेताम, ज्ञानदास, सुरेश मेश्राम, प्रकाश साहू एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दर्री मटिया एनीकट कांग्रेस सरकार की देन : महेंद्र यादव



## सांसद पर झूठी वाहवाही का आरोप

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री और जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने दर्री मटिया एनीकट को कांग्रेस सरकार की देन बताया है. उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे पर इस योजना का झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया है.

श्री यादव ने कहा कि डोंगरगांव की जल आवर्धन योजना की शुरुआत छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में की गई थी. उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद संतोष पांडे समाचार पत्रों के माध्यम से इस योजना का झूठा श्रेय लेकर वाहवाही बटोरने का काम कर रहे हैं.

यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोग भलीभांति जानते हैं कि यह योजना कांग्रेस शासनकाल की है. उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने हमेशा किसानों और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता दी है. दर्री मटिया एनीकट भी किसानों को बड़ी राहत देने और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई थी. यादव ने जोर देकर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगातार किसानों की मांगों और समस्याओं पर ध्यान दिया और उनके साथ न्याय करने का काम किया, लेकिन अब बीजेपी सरकार और वर्तमान सांसद इस काम का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने सांसद पर एनीकट स्थल पर जाकर किसान हितैषी होने का झूठा दिखावा करने का आरोप लगाया.

महेंद्र यादव ने यह भी बताया कि दर्री मटिया एनीकट प्राकृतिक आपदा के कारण ध्वस्त हो गया था, जिसके पुनर्निर्माण के लिए शासन-प्रशासन द्वारा राशि जारी की गई थी. उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की शुरू से ही यह आदत रही है कि वह दूसरों के कामों का श्रेय लेती आ रही है.

# प्राथमिक शाला छिंदीजोब में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया

## अनीता मंडावी ने कहा 'हम सब मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे'



डोंगरगढ़ (दावा)। गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर राजनांदगांव जिला पंचायत की सभापति श्रीमती अनीता मंडावी ने बोरतलाओ शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिंदीजोब की प्राथमिक शाला में गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक श्रीमती सरिता सलामे और वरिष्ठ शिक्षक चोवाराम साहू को श्रीफल और गमछा भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बिदेशीराम, सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा कार्यकर्ता मुन्नालाल टेकाम, उमेद पटौदी, आनंद निषाद, राजू पुराम, पुकार सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल मंत्री श्रीमती तिलका बाई विईके, रूनिया, सविता गोंड (पंच ग्राम पंचायत बोरतलाओ), सरपंच कैलाश ऊंके, और भाजपा कार्यकर्ता अरविंद नंदेश्वर उपस्थित थे। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी भी मौजूद थे।

श्रीमती मंडावी ने बच्चों को गुरु के आदेशों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने भी इसी स्कूल में पढ़ाई की है और आज वे जिले की सभापति हैं। उन्होंने कहा, 'मैं शिक्षक बनना चाहती थी और आज मैं जनसेवा में लगी हुई हूँ। आप लोगों को कोई भी दिक्कत या तकलीफ होती है, उसके लिए मैं आप लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहूँगी। आप लोगों की समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करूंगी। हम सब मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे।'

# वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं - दिनेश गांधी



## गुरुपूर्णिमा पर करियाटोला गौठान में वृक्षारोपण, संरक्षण का संकल्प

डोंगरगांव (दावा)। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम करियाटोला के गौठान में एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, वार्डवासी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जिन्होंने वृक्षारोपण कर लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी उपस्थित रहे।

श्री गांधी ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं और स्वच्छ पर्यावरण व पृथ्वी पर पर्यावरणीय संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने स्वेच्छा से वृक्षारोपण कर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पेड़ लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। श्री गांधी ने आगे कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है और आज भी पेड़ों में देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुखमय हो सके। उन्होंने सभी से पेड़ लगाने की अपील की। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सागौन, नीम, पीपल, साजा, जामुन, आंवला आदि विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित सभी लोगों को इन पौधों के संरक्षण का संकल्प भी दिलवाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, मंडल डोंगरगांव भाजपा दीना पटेल, राजा जैन, लीला मंडलोई, राजीव वैष्णव, हरिशंकर साहू, महेश्वर साहू, डॉ. ललित रामटेके, मुन्नी बाई मंडलोई, खेमिन बाई साहू, देवलाल साहू, चोवाराम साहू, नरेश नेताम, शिव देवांगन, सीएमओ विनम्र जेमा सहित कई वार्डवासी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## 6 साल की लड़की से 45 साल के शख्स ने किया निकाह

नई दिल्ली। साल 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान का शासन लौट आया था। तब से अफगानिस्तान में महिला शिक्षा और रोजगार पर प्रतिबंध लग गया। इससे बाल विवाह में तेजी से बढ़ोतरी हो गई। हाल ही में अफगानिस्तान के हेलमंद राज्य में एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने 6 साल की लड़की से निकाह रचाया। जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। इससे इलाके के लोगों में काफी आक्रोश फैल गया। अफगानी मीडिया के अनुसार, मरजाह जिले में दोनों का निकाह हुआ था। बाद में जानकारी मिलने पर बच्ची के पिता और दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई लिखित शिकायत नहीं मिली। मामले बढ़ने पर तालिबान ने व्यक्ति को बच्ची को घर ले जाने से रोक दिया। कहा कि बच्ची को 9 साल की उम्र पर ही पति के घर जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र महिला ने साल 2024 में एक रिपोर्ट में बताया था कि अफगानिस्तान में बाल विवाह में 25 प्रतिशत और बच्चे पैदा करने की दर में 45 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं यूनिसेफ के अनुसार, दुनिया में सबसे ज्यादा बाल दुल्हन अफगानिस्तान में ही हैं। अफगानिस्तान मीडिया ने बताया कि आरोपी की पहले से ही दो निकाह हो चुकें हैं। बाल विवाह के लिए आरोपी ने बच्ची के घर वालों को रुपये दिए हैं।

## अब ब्राजील पर गिरा ट्रंप का टैरिफ बम, लगाया 50 शुल्क

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक साथ कई देशों पर भारी टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने अन्य देशों के साथ ही ब्राजील पर 50 प्रतिशत का सीधा टैरिफ थोपते हुए इसे अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई बताया। ट्रंप ने सबसे पहले अल्जीरिया, इराक, लीबिया, श्रीलंका, ब्रुनेई, मोल्दोवा और फिलीफींस पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। ये सभी शुल्क 1 अगस्त से लागू होंगे। ट्रंप द्वारा भारी टैरिफ लगाने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति ने भी अपना रिएक्शन दिया है। ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के कुछ ही घंटों के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है और अमेरिका को आर्थिक जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है।सिल्वा ने कहा कि अगर अमेरिका ने ब्राजील पर एकतरफा तौर पर टैरिफ बढ़ाया तो ब्राजील भी उसी स्तर पर जवाबी कदम उठाएगा। ट्रंप ने यह फैसला ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के साथ हो रहे व्यवहार के संदर्भ में लिया बताया है। बता दें, बोलसोनारो इस समय तख्तापलट की साजिश रचने के आरोपों में मुकदमा का सामना कर रहे हैं।

## शेख हसीना पर मानवता के विरुद्ध अपराध मामले में तय हुए आरोप

ढाकाः बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। उन्हें एक के बाद एक लगातार झटके लग रहे हैं। अब पूर्व पीएम हसीना को एक और मामले में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। उनके खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध मामले में आरोप तय कर दिए गए हैं। बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया के हवाले से यह खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि शेख हसीना पर ढाका की एक अदालत में मानवता के खिलाफ अपराध समेत 5 मामलों में औपचारिक चार्जशीट दायर की गई है। जुलाई-अगस्त 2024 में हुई हिंसा के दौरान लगभग 1,400 नागरिक की मौत के लिए इसमें शेख हसीना को जिम्मेदार ठहराया गया है। इस हिंसा में मरने वाले अधिकांश छात्र थे। ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। इन तीनों पर पिछले साल जुलाई-अगस्त में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को दबाने के आरोप हैं, उन्हें मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में आरोपी बनाया गया है। हालांकि, शेख हसीना और असदुज्जमां खान सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, अब्दुल्ला अल मामून जेल में बंद हैं और उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया है। बांग्लादेश में सरकार गिरने के बाद शेख हसीना भारत आ गई थीं।

## फडणवीस सरकार ने गणेशोत्सव को घोषित किया महाराष्ट्र का राज्य महोत्सव

मुंबईः देवेंद्र फडणवीस की सरकार गणेशोत्सव त्योहार को महाराष्ट्र का राज्य महोत्सव घोषित किया है। इससे पहले सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने आज राज्य विधानसभा में बोलते हुए कहा था कि इस आशय की आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी। यह आश्वासन विधायक हेमंत रसाने के अनुरोध पर दिया गया, जिन्होंने सत्र के दौरान यह मांग उठाई थी।महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की शुरुआत 1893 में हुई थी। लोकमान्य तिलक ने 1893 में गणेशोत्सव शुरुआत की थी और इसे राष्ट्रवाद, सामाजिक एकता, स्वाभिमान और अपनी भाषा व संस्कृति के प्रति प्रेम के मूल्यों से जोड़ा था। शेलार ने कहा कि यह उत्सव आज भी उन आदर्शों को कायम रखता है। उन्होंने कहा, ÷इस उत्सव में बाधा डालने के लिए अदालतों में कई याचिकाएं डाली गई थी।

# लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन टीम इंडिया ने कसी नकेल, इंग्लैंड के लिए 99 रन बनाकर नाबाद लौटे जो रूट



लंदन। लॉर्ड्स टेस्ट मैच के पहले दिन मेजबान इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 251 रन बना लिए हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड के लिए जो रूट रन 99 और कप्तान बेन स्टोक्स रन बनाकर 39 नाबाद लौटे। लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन अपनी आक्रामक शैली के लिए मशहूर इंग्लैंड की बल्लेबाजी काफी कमी रही। इंग्लैंड की पारी में पहले दिन ओवरों का खेल हुआ। वहीं गेंदबाजी की बात की जाए भारत के लिए नीतीश रेड्डी दो विकेट हासिल किए। इसके अलावा रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के खाते में 1-1 विकेट आया। बर्मिंघम टेस्ट से बाहर रहने वाले बुमराह बेशक पहले दिन ज्यादा विकेट नहीं ले पाए, लेकिन काफी किफायती रहे।

टेस्ट क्रिकेट में बैजबॉल के लिए मशहूर इंग्लैंड की टीम लॉर्ड्स में उसके विपरित खेलते हुए दिखी। खास तौर से दूसरे सत्र में इंग्लैंड की बल्लेबाजी काफी धीमी रही। टीम ने इस दौरान सिर्फ 70 रन जोड़े लेकिन इस दौरान भारतीय गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। दोंनो ने पारंपरिक टेस्ट मैच की बल्लेबाजी शैली अपनाई और शतकीय साझेदारी की। भारत को हालांकि दूसरे सत्र में झटका लगा जब विकेटकीपर ऋषभ पंत चोटिल हो गए। जसप्रीत बुमराह की लेग साइड से बाहर की ओर जाती गेंद उनके बाएं हाथ की अंगुलियों पर लगी जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ध्रुव जुरेल ने स्टंप के पीछे उनकी जगह ली। इसके कुछ देर बाद ही जो रूट ने फाइन लेग में चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत ने उम्मीद के मुताबिक एकमात्र बदलाव करते हुए प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को प्लेइंग इलेव में शामिल किया। बेन स्टोक्स ने कोच ब्रैंडन मैकुलम के मार्गदर्शन में खेलते हुए घरेलू मैच में सिर्फ दूसरी बार पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बेन डकेट (40 गेंद पर 23 रन) और जैक क्रॉली (43 गेंद पर 18 रन) की सलामी जोड़ी ने पहले घंटे में 13 ओवर में बिना किसी नुकसान के 39 रन बनाकर इंग्लैंड को सतर्क शुरुआत दिलाई।

लॉर्ड्स में मैदान की ढलान के कारण भारतीय गेंदबाजों को गेंदबाजी करते समय अभ्यस्त होने में कुछ समय लगा। कप्तान शुभमन गिल ने बुमराह और एजबेस्टन में मैच में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप को नई गेंद सौंपी। गिल ने पहले घंटे के बाद नर्सरी एंड से रेड्डी को गेंद थमाई और उन्होंने निराश नहीं किया।

## भारत ए हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया, लगातार दूसरी जीत हासिल की

आइंडहोवन (नीदरलैंड)। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था।



उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा, %आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।

## हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष समेत 5 लोगों को हिरासत में लिया गया



नई दिल्ली। हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ए जगन मोहन राव समेत पांच पदाधिकारियों को तेलंगाना सीआईडी ने हिरासत में लिया है। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगन मोहन राव को सीआईडी ने नकली दस्तावेजों के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। 9 जुलाई की रात को उन्हें और दो लोगों को पूछताछ करने की बात सामने आई लेकिन गिरफ्तारी पर औपचारिक पुष्टि नहीं की। अब प्रेस नोट में गिरफ्तारी की पुष्टि हुई है। प्रेस नोट में जानकारी दी गई है कि ये गिरफ्तारी वाले मामले में नहीं बल्कि नकली दस्तावेज और हस्ताक्षर के जरिए गौलीपुरा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के नकली हस्ताक्षर और दस्तावेज के मामले में हुई है।

इससे पहले खबर आई थी कि 2025 के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछताछ के लिए इन लोगों को पकड़ा गया है। लेकिन अब यह साफ हो गया है कि नकली दस्तावेज और हस्ताक्षर के मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

## टीम इंडिया ने इंग्लैंड दौरे पर रचा इतिहास, तीसरी जीत के साथ ही पहली बार टी20आई सीरीज पर किया कब्जा

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले गए चौथे टी20आई मुकाबले में टीम इंडिया ने इंग्लिश टीम को 6 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर महज 126 रन ही बना सकी।



भारतीय गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ और कसी हुई गेंदबाजी से इंग्लिश बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। जवाब में टीम इंडिया ने 17 ओवर में 4 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारतीय बल्लेबाजों ने संयमित अंदाज में खेलते हुए जरूरी रन जुटाए और टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। राधा यादव को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया। 4 ओवर में सिर्फ 15 रन देकर इंग्लैंड के 2 बल्लेबाजों का शिकार किया। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 32 और शेफाली वर्मा ने 31 रनों का योगदान दिया। जेमिमा रोड्रिगेज ने नाबाद 24 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 26 रनों की पारी खेली।

इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार 2 से ज्यादा मैचों की कोई द्विपक्षीय टी20आई सीरीज अपने नाम की है। इससे पहले दोनों टीमों के बीच हुई पिछली 6 टी20आई सीरीज में हर बार भारत को हार का सामना करना पड़ा था। इस तरह टीम इंडिया का इंग्लैंड दौरे पर यह शानदार प्रदर्शन महिला क्रिकेट के इतिहास में एक नई उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया है। आगे अब सभी की निगाहें आखिरी मुकाबले पर टिकी हैं, जहां भारतीय टीम इस सीरीज को 4-1 से जीतने की कोशिश करेगी। सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में 12 जुलाई को खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच ञ20ढ्ढ सीरीज के बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी, जिसका 16 जुलाई से साउथैम्पटन में आगाज होगा। इस सीरीज में भी टीम इंडिया अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहेगी।

## नोवाक जोकोविच ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही तोड़ा फेडरर का रिकॉर्ड



नई दिल्ली। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने इटली के फ्लेवियो कोबोली को हराकर विंबलडन में रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश करते हुए रिकॉर्ड आठवीं बार विंबलडन खिताब जीतने के एक कदम और करीब पहुंच गए हैं। नोवाक जोकोविच अभी तक 24 ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किए हैं, जिसमें 7 विंबलडन शामिल हैं। इसके साथ ही जोकोविच ने रोजर फेडरर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। इससे पहले जोकोविच और फेडरर दोनों के नाम 13-13 बार विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड था। अब जोकोविच ने फेडरर को पीछे छोड़ दिया है।

क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली ने पहला सेट जीतने में कामयाबी हासिल की लेकिन जोकोविच ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने 6-7(6), 6-2, 7-5, 6-4 से फ्लेवियो कोबोली को हराया। इससे पहले मुकाबले में भी जोकोविच ने कुछ इसी तरह से जीत दर्ज की थी। उन्होंने अंतिम-16 के मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में अब जोकोविच का मुकाबला 23 साल के जैनिक सिनर से होगा।

जोकोविच से पहले स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। कार्लोस अल्कारेज ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। अब सेमीफाइनल में अल्कारेज की ङ्ग के टेलर फ्रिट्ज से भिड़ंत होगी।

महिला सिंगल्स की बात करें तो, पोलैंड की टेनिस स्टार इगा स्वियातेक ने विंबलडन 2025 में नया इतिहास रच दिया है। बुधवार को उन्होंने 19वीं वरीय ल्युडमिला सैमसोनोवा को सीधे सेटों में हराकर पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सैमसोनोवा को 6-2, 7-5 से हराया।

## निकोलस पूरन की टीम ने किया कमाल, सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स एमएलसी से बाहर



नई दिल्ली। मेजर लीग क्रिकेट 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में निकोलस पूरन की कप्तानी वाली टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस मैच में एमआई न्यूयॉर्क ने 2 विकेट से जीत हासिल की।

यह रोमांचक मुकाबला डलास के ग्रैंड प्रकारे स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में जीत हासिल करने वाली एमआई न्यूयॉर्क की टीम अब 11 जुलाई को चैलेंजर मैच में टेक्सास सुपर किंग्स से भिड़ेगी।दरअसल, सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ एमआई न्यूयॉर्क ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उनका यह निर्णय बहुत कारगर साबित हुआ। पहले बैटिंग करने आई सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की टीम की शुरुआत खराब रही। उनके बल्लेबाज शुरुआत से ही उनके बल्लेबाज दबाव में नजर आए।ओपनर मैथ्यू शॉर्ट और टिम सीफर्ट कुछ खास नहीं कर सके और पावरप्ले में ही टीम ने अपने महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए। दोनों ओपनर्स कुल मिलाकर 7 रन ही बना सके।

जैक फ्रेजर भी 4 रन और संजय के बल्ले से 5 रन निकले। कूपर कॉनोली ने 23 रन की पारी खेली, लेकिन उसके बाद विकेट गिरते चले गए। सिर्फ जेवियर बार्टलेट ने सबसे ज्यादा 44 रन की पारी खेली।वहीं, एमआई की टीम की तरफ से ट्रेंट बोल्ट और नॉस्टुश केन्जीगे ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि रुशिल उगारकर ने तीन विकेट लिए।

एमआई न्यूयॉर्क की टीम की तरफ से सलामी बल्लेबाज मोनाक पटेल और क्विंटन डिकॉक ने 33-33 रन बनाए। कप्तान निकोलस पूरन महज 1 रन बनाकर चलते बने। वहीं, मैच के 19वें ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने शानदार प्रदर्शन दिखाया।उस ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर बोल्ट ने लगातार दो छक्के जड़े और हसन खान की धुनाई कर दी। हसन के उस ओवर में 15 रन खर्च हुए। आखिरी ओवर में एमआई न्यूयॉर्क की टीम को 4 रन की जरूरत थी। बोल्ट ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर दो रन, दूसरी और तीसरी गेंद पर सिंगल लेकर टीम को मैच जिताया।इस हार के साथ सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स का रूरुष्ट 2025 का सफर समाप्त हो गया है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**शराब घोटाला में राज्य सरकार की....**

की मिलीभगत सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, निलंबित अधिकारियों में आबकारी विभाग के जिला अधिकारी, निरीक्षक स्तर के कर्मचारी और मुख्यालय से जुड़े कुछ उच्चाधिकारी भी शामिल हैं। मामले में जांच अभी भी जारी है। संभवतः कुछ अन्य लोगों की गिरफ्तारियां भी संभव है।

**वडोदरा ब्रिज हादसे में एक्शन....**

की वजह से बचाव कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ है क्योंकि ऐसी स्थिति में कोई मशीन काम नहीं कर रही है। नदी के बीच में डूबे हुए वाहनों के करीब पहुंचने के लिए किनारे पर एक विशेष पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस बीच उच्च स्तरीय जांच करने के लिए सड़क और भवन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने गुरुवार को घटनास्थल का दौरा किया।

**कर्नाटक में सीएम पद के लिए कोई.....**

शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। कांग्रेस ने किसी तरह शिवकुमार को डिप्टी सीएम बनने के लिए राजी कर लिया था। उस समय ऐसी खबरें थीं कि ''बारी-बारी से मुख्यमंत्री'' बनने को लेकर एक समझौते पर सहमति बनी है, जिसके तहत शिवकुमार को ढाई साल बाद नवंबर 2025 में मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि, पार्टी की ओर से इस समझौते की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हुई है।

**भारतीय रेलवे का बड़ा ऐलान....**

2.52 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा, PPP (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत अतिरिक्त ?20,000 करोड़ का निवेश भी जुटाया गया है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी आई है। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे ने पिछले एक दशक में यात्री सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा सुधार किया है। जहां पहले हर साल औसतन 170 ट्रेन डिरेलमेंट के मामले सामने आते थे, वहीं अब यह संख्या घटकर 30 से भी कम हो गई है। उन्होंने इस सुधार का श्रेय रोज़ाना की सुरक्षा समीक्षा, ट्रैक व सिग्नलिंग सिस्टम के उन्नयन और तकनीकी सुधारों को दिया। सरकार का लक्ष्य है कि भारतीय रेलवे न केवल घरेलू यातायात के लिए बल्कि ग्लोबल रेल एक्सपोर्ट हब के रूप में भी उभरे। इसके साथ ही, देश के लॉजिस्टिक्स सेक्टर में लागत को कम करना और हर कोने को जोड़ने वाला नेटवर्क तैयार करना रेलवे की रणनीति का हिस्सा है।

**शाह बोले- बिहार-झारखंड-ओडिशा....**

सहित कई महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के आंदोलनों का नेतृत्व किया है। पूरा पूर्वी भारत भक्ति, ज्ञान, संगीत, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्रांति की भूमि रहा है। शिक्षा के मूल आदर्श स्थापित करने में पूर्वी भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। शाह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी, बिरसा मुंडा जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, बाबू जगजीवन राम सहित कई विभूतियों ने इसी भूमि से देश को अनेक क्षेत्र में नेतृत्व देने का काम किया है। सांस्कृतिक चेतना, भक्ति चेतना और क्रांति तीनों का संगम इसी भूमि पर हुआ है। अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारी संघवाद के आधार पर TEAM BHARAT की कल्पना देश के सामने रखी है। मोदी जी की TEAM BHARAT की कल्पना के तहत राज्यो के विकास के माध्यम से भारत का विकास और 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें। हमारे संघीय ढांचे को मज़बूत करने के लिए अंतरराज्यीय परिषद और क्षेत्रीय परिषद को संविधान और कानून में आधार दिया गया है और उसी के तहत क्षेत्रीय परिषदों की बैठकें आयोजित होती हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से 2025 के दौरान इन बैठकों के आयोजन में दुगुनी से भी अधिक गति आई है और ये अधिक परिणामदायक बनी हैं। क्षेत्रीय परिषदों की कल्पना इन्हें सहकारी संघवाद की सशक्त आधारशिला बनाने के उद्देश्य के साथ की गई थी। क्षेत्रीय परिषदें अब Advisory से Actionable Plat form बन गई हैं। इनके माध्यम से हम केन्द्र के साथ राज्यों और राज्यों के बीच के आपसी मुद्दों को काफी हद तक हल करने में सफल हुए हैं।

**रूस ने यूक्रेन पर 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें....**

सालों में सबसे ज्यादा 232 लोग मारे गए और 1,343 घायल हुए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, जून, 2025 में रूस ने यूक्रेन के खिलाफ जून, 2024 की तुलना में दस गुना ज्यादा मिसाइलें और गोला-बारूद से हमले किए। जेलेंस्की ने रूस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की रूस के ताजा हमले के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सहायक देशों से रूस पर तेजी से नए प्रतिबंध लगाने की मांग की है। जेलेंस्की गुरुवार को रोम में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, जहां रूस पर नए प्रतिबंधों पर चर्चा होगी। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि इस बैठक में यूक्रेन के पुनर्निर्माण पर ध्यान दिया जाएगा। इससे पहले यूरोपीय संघ ने 20 मई को रूस पर कई प्रतिबंध लगाए थे। ट्रम्प ने यूक्रेन पर हमले के लिए पुतिन की आलोचना की अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 7 जुलाई को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ कई बार फोन पर लंबी बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने यूक्रेन पर रूसी हमले की आलोचना की और कहा कि वे शांति समझौते के प्रति पुतिन की प्रतिबद्धता की कमी से निराश हैं। ट्रम्प ने पुतिन पर अपना गुस्सा जाहिर किया था और यूक्रेन को और ज्यादा समर्थन देने का वादा किया अमेरिकी राष्ट्रपति ने 7 जुलाई को यूक्रेन को सैन्य सहायता देने का वादा किया था। इससे एक हफ्ते पहले अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने यूक्रेन को हथियार की सप्लाई पर रोक दी थी।

**रायगढ़ में पीएम मोदी की एक और.....**

1000 रुपये की सहायता राशि, तेन्दूपत्ता संग्रहण दर में 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की वृद्धि तथा चरण पादुका योजना की पुनः शुरुआत जैसे कार्य इसके सशक्त उदाहरण हैं। साथ ही, रामलला दर्शन योजना एवं तीर्थयात्रा योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा का लाभ भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अटल डिजिटल सेवा केन्द्रों की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके गांव में ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब तक प्रदेश की 1,460 पंचायतों में ऐसे सेवा केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे हजारों माताएं और बहनें सरल, सुरक्षित और सुलभ बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा रही हैं। आने वाले समय में शेष पंचायतों को भी इस सुविधा से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सतत कार्य कर रही है। पूरे देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसके अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। इसी दिशा में रेडी टू ईट योजना प्रारंभ की जा रही है, जिसके प्रथम चरण में 6 जिलों को शामिल किया गया है। रायगढ़ ऐसा पहला जिला है जहाँ महिला समूहों को अनुबंध पत्र सौंपे गए हैं। वित्त मंत्री ने अनुबंध प्राप्त सभी महिला समूहों से गुणवत्ता युक्त कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि वे इस योजना को एक आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि राज्य के पोषण अभियान को भी मजबूती प्रदान करेगी।

**शशि थरूर के निशाने पर कांग्रेसः**

की सराहना कर चुके हैं। 23 जून को द हिंदू में प्रकाशित एक लेख में भी उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ की थी। कहा-उनकी गतिशीलता और जुड़ने की इच्छा वैश्विक स्तर पर भारत के लिए संपत्ति है। थरूर के इस बयान से कांग्रेस में हलचल मच गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तंज कसते हुए कहा, हमारे लिए देश पहले है, लेकिन कुछ लोगों के लिए मोदी फर्स्ट है। थरूर की अंग्रेज़ी बहुत अच्छी है, लेकिन हम सबकी प्राथमिकता स्पष्ट है। इस पर शशि थरूर ने भी सफाई देते हुए कहा था कि, विदेश नीति पर राजनीतिक मतभेद नहीं होने चाहिए। मोदी की तारीफ भारत की वैश्विक कूटनीतिक पहुंच को लेकर थी।

**छग प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत....**

कोलकाता में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का स्थायी सूचना केंद्र स्थापित किया गया है, जिससे कोलकाता के टूर ऑपरेटर्स और पर्यटकों को सीधी और सुविधा-सम्पन्न सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इस मौके पर कोलकाता के 50 टूर ऑपरेटर एवं ट्रेव्हल्स एजेंट पंजीकृत हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने उपस्थित अतिथियों, टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर के समक्ष प्रेजेंटेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सुंदरता, संस्कृति एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा टूरिज्म को लेकर लिए गए निर्णय से भी अवगत कराया। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि भारत को समझने के लिए छत्तीसगढ़ को जानना जरूरी है। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि छत्तीसगढ़ आइए, इसे महसूस कीजिए और भारत की आत्मा से मिलिए। इस अवसर पर सिक्किम विधानसभा की उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी थापा, मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी, थाईलैंड की महावाणिज्यदूत सुश्री श्रीपोन तांतिपन्याथेप के साथ ही वेस्ट बंगाल टूर ऑपरेटर एवं ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन कोलकाता के लगभग 500 से भी अधिक सदस्य उपस्थित थे।

**फर्जी जीएसटी अधिकारी ने किया....**

लालचंद अठवानी की कंपनी 'द वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी' से जुड़ा है। 28 जनवरी को सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कंपनी पर छापा मारा था और दस्तावेज जब्त किए गए थे। इनमें अनियमितताएं पाए जाने पर रायपुर में पदस्थ जीएसटी अधीक्षक भरत सिंह ने इस केस को निपटाने के लिए 34 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। यह प्रस्ताव कारोबारी तक एक निजी व्यक्ति विनय राय के माध्यम से पहुंचाया गया, लालचंद परेशान हो गया। उन्होंने इसकी शिकायत सीबीआई से की। सीबीआई ने जीएसटी अधिकारी भगत को ट्रैप करने के लिए जाल बिछाया। सीबीआई ने लालचंद को केमिकल लगे 5 लाख रुपए कैश दिए और आरोपी अधिकारी को रायपुर के वीआईपी रोड में बुलाया, जहां पैसा लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। सीबीआई की प्रारंभिक पूछताछ में एक तीसरे व्यक्ति 'मिश्रा' का नाम सामने आया था, जो खुद को जीएसटी विभाग का अधिकारी बताता था और पूरे लेनदेन में सक्रिय भूमिका में था।

# कृषक उन्नति योजना से अब खरीफ में दलहन-तिलहन, मक्का तथा लघु धान्य फसलों का उत्पादन करने वाले कृषकों को मिलेगा आदान सहायता राशि का लाभ

राजनांदगांव (दावा)। राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, जिसके कारण कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है।

फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ योजनांतर्गत चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन, मक्का व अन्य फसलों की खेती करने वाले कृषकों को 10,000 रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर राशि 11,000 रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सामग्री का भुगतान होगा।



कृषक उन्नति योजना का मुख्य उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, फसल के कास्त लागत में कमी लाकर कृषकों की आय में वृद्धि तथा उनके सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार के साथ-साथ कृषकों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में निवेश हेतु प्रोत्साहन, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देते हुए कृषि को लाभ के व्यवसाय के रूप में पुर्नस्थापित करना। योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2025 से किया जाएगा।

### हितग्राही की पात्रता

कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा, जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे समस्त कृषक जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को धान अथवा धान बीज का विक्रय किया गया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगायी हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने हेतु पंजीयन कराया हो, जिनके द्वारा खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास फसल हेतु पंजीयन कराया गया हो। संस्थागत समितियां जैसे-ट्रस्ट, मंडल, प्राईवेट लिमिटेड, शाला विकास समिति तथा केन्द्र व राज्य शासन के संस्थान को योजनान्तर्गत पात्रता नहीं होगी। कृषकों को आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के प्रावधानों के अध्याधीन किया जाएगा।

### कृषकों को भुगतान

कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि कृषकों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष डीबीटी के माध्यम से की जाएगी। खरीफ 2025 में प्रदेश के किसानों से उपार्जित धान की मात्रा पर धान (कॉमन) पर राशि 731 रूपए प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम राशि 15351 रूपए प्रति एकड़ तथा धान (ग्रेड-ए) पर राशि 711 रूपए प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम राशि 14931 रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगायी हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर राशि 11,000 रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल कोदो, कुटकी एवं रागी तथा कपास लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर राशि 10,000 रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

# दैहान सड़क का हाल बेहाल



बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार समीप दैहान सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है जो जादूटोला से होकर जाती है,पूरी सड़क पर कीचड़ , गड्डे होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है जिसमें ग्रामीण परेशान है सड़क की हालत को देखते हुए ग्रामीण वर्षो से मरम्मत की मांग कर रहे हैं किंतु शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे पा रही है ना ही क्षेत्र के आला जनप्रतिनिधि नहीं गांव वाले न ही पंचायत ध्यान दें रहे हैं सड़क उपयोग सबसे ज्यादा ग्रामीण और बच्चे परेशान रहते हैं यहां बच्चे जादू टोला पर प्रतिदिन साइकिल से पैदल पढ़ाई करने आते हैं और वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण स्वास्थ्य लाभ लेने बीमार व्यक्ति साथ-साथ आदिम जाति कल्याण विभाग का हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल का हॉस्टल बालक बालिका बना हुआ है जो प्रतिदिन जादू टोला स्कूल सुबह पढ़ने आते हैं।

इस सड़क से होकर आते हैं और ज्यादा खराब हो गई है साथी भारी वाहनों से आवाज आई सड़क पर सैकड़ो गड्ढे हो गए हैं जैसे बरसात का पानी भर रहा है और मार्ग में कीचड़ ही कीचड़ दिखाई देती है यहां पैदल चलना भी दूरबर हो गया है क्षेत्र ग्रामीण जन में इसे शीघ्र मरम्मत की अपील की है आए दिन साइकिल से बच्चे गिर जाते हैं, उन्हे हमेशा खतरा रहता है। और बरसात होने से पूरा गड्ढों में पानी भरा रहता है डामर उखड़ कर पुरा गिट्टी रोड बन गया है और पत्थर इधर उधर पड़ा रहने से नूकसान होता है साइकिल फिसलने से बच्चे दुर्घटना हो रहे हैं।इस लिए क्षेत्र के ग्रामीण शीघ्र मरम्मत कि मांग कि है।

# पीएचडी के लिए चयनित अभ्यर्थियों का कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा की अध्यक्षता में हुआ साक्षात्कार



0 प्रवेश परीक्षा के दूसरे दिन साक्षात्कार होने से अभ्यर्थियों में खुशी की लहर
0 67 अभ्यार्थियों का पीएचडी छः माही कोर्स वर्क के लिए हुआ चयन

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के दिन ही परिणाम की घोषणा के बाद दूसरे दिन मंगलवार 8 जुलाई को कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा की अध्यक्षता में अभ्यर्थियों का सामान्य साक्षात्कार लिया गया। इस दौरान संबंधित संकाय के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण व वरिष्ठ प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे। सामान्य साक्षात्कार पश्चात पीएच.डी. छःमाही कोर्स वर्क हेतु विभिन्न विभागों से कुल 67 अभ्यार्थियों का चयन किया गया।

### साक्षात्कार के बाद कुलपति ने अभ्यर्थियों को किया प्रेरित

सामान्य साक्षात्कार संपन्न होने के बाद कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा ने सभी अभ्यर्थियों को प्रेरित करते हुये शोधात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। यह पहली बार है कि किसी कुलपति ने शोध करने के लिये चयनित अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें शोध के क्षेत्र में किस तरह बेहतर कार्य किया जाता है इसकी जानकारी प्रदान की। कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने अभ्यर्थियों से कहा कि 1 अगस्त से ही उनकी कक्षाएं शुरू कर दी जायेगी, इसके लिये अभ्यर्थीगण पहले से ही अपनी तैयारियां शुरू कर लें। उन्होंने सफलता के लिये छोटा रास्ता न अपनाकर कड़ी मेहनत कर बेहतर कार्य करने की बात कही साथ ही उनकी शिक्षा के लिये बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने की बात कही। इस दौरान शोध प्रभारी डॉ. जितेश कुमार गढ़पायले भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के द्वारा विश्वविद्यालय में शोधात्मक गतिविधियों को बेहतर बनाने नवाचार के तहत लगातार प्रयास किया जा रहा है जिसका परिणाम है कि इस वर्ष विश्वविद्यालय में शोधात्मक गतिविधियों को बेहतर प्रतिसाद मिला है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु शोध करने वाले अभ्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है और 67 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार पश्चात पीएच.डी. छःमाही कोर्स वर्क के लिए चयन किया गया।

# संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने केन्द्र द्वारा देश के श्रमिकों के कानून को समाप्त करने के विरोध पर किया प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। संयुक्त ट्रेड युनियनो के अव्हान पर सीटू से जुड़े आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन, रसोईया तथा छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की एक्टू युनियन के नेतृत्व में जिला कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया देश के श्रमिकों के लिए 44 श्रम कानून बने थे, केन्द्र सरकार द्वारा उन कानूनो को समाप्त कर 4 श्रम कोड बनाया गया जिसमें 8 घंटे का कानून को बदलकर 12 घंटे किया गया, के अलावा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम तथा राज्य कर्मचारी बीमा आदि नियमों में परिर्वतन किया गया। जो देश के मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश हैं, इसलिए देश की राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त 10 ट्रेड युनियनों द्वारा 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल का आव्हान किया गया था उसी के संर्दभ में सभी यूनियनों द्वारा हड़ताल में भाग लिया गया, जिसमें किसान तथा असंगठित श्रमिको ने बडे पैमाने पर भाग लिया।

फ्लाई ओव्हर के नीचे हुई सभा को सीटू यूनियन के राज्य सचिव गजेन्द्र झा, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, दक्षिण कौशल के संपादक उत्तम सुशांत कुमार, विरेन्द्र ऊके जिला किसान संघ से रमाकांत बंजारे, श्रमिति अरूणा वैष्णव, गुणवंता टांडेकर, इंदिरा गायकवाड़ आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने अपने संशोधन में कहा कि मोदी जी की सरकार देश के मेहनतकसो का हक मारकर कार्पोरेट अडानी, अबांनी घरानों के हितों के लिए काम कर रही हैं, सभी सरकारी एजेंसीयों को कंट्रोल कर चुकी हैं, इसलिए मजदूर किसानों के अलावा देश के आम नागरिको, छोटे व्यपारियों को मिलकर लडना होगा।

हसदेव का जंगल अडानी को कोयला निकालने के लिए दिया गया लाखों पेड़ों की कटाई हो रही हैं सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा हैं, निजी स्कूलों को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। शिक्षा का बजारी करण किया जा रहा हैं। सभी सरकारी कंपनियों को बेचा जा रहा हैं, इसलिए सबको मिलकर संघर्ष करना होगा। आज एक दिन की हड़ताल सफ ल हुई हैं, यदि सरकार ने श्रम कानूनों में संशोधन वापस नही लिया तो आने वाले दिनों में आंदोलन होगा।

सभा के दौरान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि तहसीलदार श्री नागवंशी को सौपा गया। सभा का संचालन तुलसी देवदास एवं पुनाराम साहू ने किया। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के महासचिव पुनाराम साहू द्वारा दी गई।

# जोशीलमती में युवतियों एवं महिलाओं ने ब्यूटीपार्लर, सिलाई, कढ़ाई के लिए 27 ने कराया पंजीयन



**राजनांदगांव (दावा)। जिले के अंतर्गत आने ग्राम पंचायत जोशीलमती में आदिवासी भवन में युवतियों एवं महिलाओं को जन शिक्षण संस्थान राजनांदगांव कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा युवतियों एवं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।**

इस प्रशिक्षण शिविर में ग्राम के 27 युवतियों एवं महिलाओं ने अपना पंजीयन कराया। जिन्हें प्रशिक्षण में ब्यूटी पार्लर, सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित काउंसलिंग कैंप का के अंतर्गत स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग अंजोरा, दुर्ग द्वारा 18 से 30 वर्ष के युवक, युवतियों को 45 दिवस का फूड एवं बेवरेज, हाउसकीपिंग मल्टीफंक्शन ऑफिस इसोसिएट डिपार्टमेंट आदि विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान कर युवाओं को प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जाने के लिए प्रेरित किया गया।

चित्रांगन साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत जोशी लमती ने बताया कि 16 जुलाई दिन बुधवार को समय 11 से दोपहर 2 तक स्थान ग्राम पंचायत कुमरदा में आयोजित किया गया है। यह जानकारी चित्रांगन साहू ने दी।

# नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में विभिन्न योजनाओं और ऐप के बारे में जानकारी दी गई

**खैरागढ़ (दावा)। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत जिला पंचायत सभाकक्ष (मैकाल सदन) में सोमवार 7 जुलाई को हुई। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार 08 जुलाई को सदस्यों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई।**



प्रथम सत्र में सहायक परियोजना अधिकारी, मनरेगा के द्वारा मनरेगा योजना के सभी पहलुओं से सदस्यों को अवगत कराया। साथ ही जल सरंक्षण के महत्व संबंधी वीडियो के माध्यम से विभिन्न प्रकार के निर्माण संरचना की जानकारी दी गई। जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यो के बारे में सदस्यों को अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में सदस्यों को समग्र विकास, जिला पंचायत निधि, पन्हद्रवें वित्त जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी गई। सदस्यों को इन योजनाओं के स्वीकृति से लेकर कार्य पूर्ण होने तक के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से बताया गया।

सत्र के अंत में विभाग में उपयोग किए जा रहे ऐप जैसे कि ई ग्राम स्वराज, मेरी पंचायत की जानकारी दी गई एवं सदस्यों के मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर उपयोग करना सिखाया गया।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने पूर्ण अनुभव एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में सीखी गई चीजों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया।।प्रशिक्षण के तृतीय एवं अंतिम दिवस में सदस्यों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अलावा अन्य प्रमुख विभागों की योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

# विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनायेंगे

राजनांदगांव (दावा)। अभा आदिवासी विकास परिषद शाखा राजनांदगांव एवं गोड़वाना समाज के संयुक्त तत्वाधान में 9 अगस्त में विश्व आदिवासी दिवस राजनांदगांव में मनाया जाना तय किया गया। बैठक की अध्यक्षता नीलकंठ गढ़े ने की। कार्यक्रम पद्मश्री गोंविदराम निर्मलकर आडोटोरियम में किया जाना तय किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष विधानसभा एवं विधायक होंगे। अध्यक्षता मधुसूदन यादव, महापौर एवं पूर्व सांसद होंगे। विशिष्ट अतिथि योगेश दत्त मिश्रा, श्रम कल्याण बोर्ड, कोमल सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष भाजपा, सचिन बघेल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राज., संतोष अग्रवाल, नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन विभाग एवं जिले के समस्त आदिवासी जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सरपंच एवं पार्षद को आमंत्रित किया जाना है। साथ ही पेंशनरत अधिकारी/ कर्मचारी सम्मान हेतु आमंत्रण किया जावेगा। आसपास के जिले से जैसे मोहला-मानपुर, अ.चौकी, खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई, बेमेतरा, कबीरधाम, दुर्ग, डौण्डी लोहारा के समाज सेवकों को आमंत्रण किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। प्रचार-प्रसार जोर-शोर से किया जा रहा है।

# स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रथम मेरिट सूची जारी, अंतिम तिथि 15 जुलाई



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने बताया कि बताया कि एम.ए., एम.कॉम., एम.एस.सी., पीजीडीसीए एवं पीजी डिप्लोमा इन योगा पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की मेरिट के आधार पर प्रथम चयन सूची तैयार की गई है।छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के सूचना पटल एवं महाविद्यालय की वेबसाइट से उक्त सूची का अवलोकन कर सकते है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने बताया कि मेरिट सूची में जिन विद्यार्थियों का नाम आया है, वे विद्यार्थी निर्धारित अंतिम तिथि 15 जुलाई तक ऑनलाइन फार्म की हार्डकॉपी और जरूरी दस्तावेजों जैसे - कक्षा 10, 12 वी व स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम वर्ष की अंकसूची की छायाप्रति, जाति, निवास एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, टी.सी., सी.सी. माइग्रेशन के साथ महाविद्यालय में आकर निर्धारित काउंटर में शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

# जिले में एमएसएमई के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण पर कार्यशाला आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों एमएसएमई को पारंपरिक बैंकिंग साधनों से आगे बढ़कर वैकल्पिक वित्तीय स्त्रोतों से सहायता प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत वैकल्पिक वित्तपोषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र राजनांदगांव के महाप्रबंधक द्वारा की गई। रैंप योजना भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित है। जिसका उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाना, वित्तीय पहुंच को आसान करना तथा उन्हें प्रतिस्पर्धी एवं सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यशाला की शुरूआत में रैंप योजना की संक्षिप्त जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। इसके पश्चात उप प्रबंधक एनएसई श्री उर्मिलेश द्वारा ह्स्श्व श्वस्क्ष्ठ्नह्नश्व में सूचीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता मानदंड और इससे मिलने वाले लाभों पर प्रस्तुति दी गई।



ब्रांच ऑफिस इन चार्ज स्द्बष्ठब्द्ध रायपुर श्री अमित खरे ने सिडबी के माध्यम से एमएसएमई को उपलब्ध विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। इनवॉइसमार्ट से श्री निखिल ने बिल डिस्काउंटिंग एवं ञ्जक्रश्वष्ठस् प्लेटफॉर्म के संचालन एवं लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ञ्जक्रश्वष्ठस् प्लेटफॉर्म विलंबित भुगतानों की समस्या के समाधान, समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने और एमएसएमई के नकदी प्रवाह में सुधार के लिए एक प्रभावी माध्यम है। कार्यशाला में जिले के 41 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने सहभागिता की। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने विषय की उपयोगिता पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और ऐसी कार्यशालाओं को निरंतर आयोजित करने की मांग की। यह कार्यशाला एमएसएमई के लिए पूंजी बाजार में प्रवेश, वैकल्पिक वित्त स्त्रोतों की समझ और वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई।

# रानी अहिल्या बाई की मनोहारी पेंटिंग

भिलाई (दावा)। पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई के 300 वें जयंती पर पूरे भारतवर्ष में उत्सव मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने इस निमित्त उनकी मनोहारी पेन्टिंग का निर्माण किया है। जिसमें उनके जीवन से संबंधित मुख्य घटनाओं का विहंगम चित्रण किया गया है। चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी समकालीन भारतीय कलाजगत में रियलिस्टिक आर्ट के एक सशक्त स्तम्भ हैं। उनकी कलाएं शोख-चटख रंग से परीपूर्ण होकर महान भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की याद दिलाती है।

इस वरिष्ठ कलाकार ने अपनी कला में रानी अहिल्या बाई के विधवा हो जाने पर उनके राज्य में आक्रमण करने आने वाले राजाओं को लिखे खत में उनकी कूटनीतिक परिपक्वता का वर्णन किया है।

# युगांतर पब्लिक स्कूल में इमोशनल रेजिलिएंस कार्यशाला : छात्राओं को मिला नया दृष्टिकोण



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल ने अपनी कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं के लिए इमोशनल रेजिलिएंस (भावनात्मक दृढ़ता) पर एक प्रभावी कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध एनएलपी (न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग) और 'होल ब्रेन थिंकिंग' ट्रेनर दीप्ति बिंदल ने किया। दीप्ति बिंदल लंबे समय से विद्यार्थियों के भावनात्मक सशक्तिकरण और समग्र विकास के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्होंने छात्राओं को भावनात्मक रूप से मजबूत बनने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### भावनाओं को समझना और संभालना

कार्यशाला के दौरान छात्राओं को कई अर्थपूर्ण और सुव्यवस्थित गतिविधियों के माध्यम से यह समझाया गया कि भावनाएं हमारे जीवन में बाधा नहीं, बल्कि मार्गदर्शक होती हैं। दीप्ति बिंदल ने ऐसे व्यावहारिक उपकरण और तकनीकें साझा की। जिन्हें अपनाकर छात्राएं अपने भावों को अधिक तार्किक, सजग और सशक्त ढंग से संभाल सकती हैं। गंभीर चिंतन, आत्ममंथन और इंटरैक्टिव चर्चाओं के माध्यम से छात्राओं ने यह जाना कि हर भावना 'चाहे वह दुख हो, भय हो, क्रोध हो या आनंद- एक संदेशवाहक होती है। इसे नकारने के बजाय समझना और सही प्रतिक्रिया देना आवश्यक है।

### सकारात्मक अनुभव और आत्मविश्वास में वृद्धि

सत्र के दौरान कई छात्राओं ने भावनात्मक रूप से खुद को जुड़ा हुआ महसूस किया, और कुछ की आंखें भी नम हुई, जो कार्यशाला के गहरे प्रभाव को दर्शाता है। पूरे कार्यक्रम में एक संवेदनशील, सुरक्षित और चिंतनशील वातावरण बना रहा। छात्राओं ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और बताया कि इस सत्र में उन्होंने खुद को देखा, सुना, समझा और महसूस किया। कार्यशाला के बाद वे आत्म-जागरूकता, स्पष्टता और आंतरिक शक्ति के साथ बाहर निकलीं।

छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी और प्राचार्य मधुसूदन नायर भी इस कार्यशाला में उपस्थित रहे। छात्राओं ने दीप्ति बिंदल का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस कार्यशाला ने उनके भावनात्मक स्वास्थ्य और जीवन कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यशाला उन्हें भावनात्मक रूप से संतुलित करने और उनकी आत्म-चेतना को मजबूत करने में मदद करेगी। जिससे वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगी।

# नाले में बहे दो व्यक्ति, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

## दिन ढलने के कारण रोक दिया सर्च ऑपरेशन, दुर्ग और राजनांदगांव की दो टीम कर रही तलाश

**राजनांदगांव/छुरिया (दावा)।** बुधवार शाम जिले के गैंदाटोला-फाफामार मार्ग पर स्थित एक छोटे पुलिया नदी नाले में बाढ़ के तेज बहाव में बह गए दो व्यक्तियों में से एक का शव आज सुबह लगभग दो किलोमीटर दूर झाड़ियों में अटका हुआ मिला। दूसरे व्यक्ति की तलाश जारी है, लेकिन दिन ढलने के कारण फिलहाल सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया है। दुर्ग और राजनांदगांव की दो गोताखोर टीमें इस तलाश में जुटी हुई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम लगभग 6:30 बजे गैंदाटोला निवासी केशव धरमगुड़ी (55 वर्ष) और बिरेंद्र यादव छोटे पुलिया नदी को पार करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान, पानी के अत्यधिक तेज बहाव में दोनों बह गए। खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए और देर रात तक उनकी तलाश की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया। आज सुबह लगभग 7 बजे दुर्ग और राजनांदगांव की गोताखोर टीमों ने सघन तलाश अभियान चलाया। तलाशी के दौरान, घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर थाने के पीछे झाड़ियों में एक पेड़ से केशव धरमगुड़ी का शव लटका हुआ मिला, जिसे गोताखोरों ने बाहर निकाला। मृतक का आज ही पोस्टमार्टम कर गैंदाटोला पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद गमगीन माहौल



में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### परिवार को मिलेंगे 4 लाख

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने छुरिया विकासखंड के ग्राम गैंदाटोला के समीप फाफामार नाला में डूबे हुए दो व्यक्ति केशव धरमगुड़ी एवं देवेन्द्र यादव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मृतक केशव धरमगुड़ी का शव मिल गया है। ग्राम पंचायत द्वारा श्रद्धांजलि योजना के तहत उनका अंतिम संस्कार किया गया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम डोंगरगांव को आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत मृतक के परिवार को 4 लाख रूपए की राशि प्राप्त होगी।

नगर सेनानी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि उनकी टीम द्वारा राहत एवं बचाव के लिए लगातार कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि मृतक केशव धरमगुड़ी का शव प्राप्त हो गया है। वहीं दुर्ग से राज्य आपदा मोचन बल की टीम यहां रेस्क्यू के लिए आयी है। शाम तक दूसरे व्यक्ति के संबंध में शाम तक जानकारी नहीं मिलने पर रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम राहत एवं बचाव कार्य के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आएगी।

दूसरे व्यक्ति बिरेंद्र यादव की तलाश में गोताखोरों की दो टीमें दिन भर जुटी रहीं, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। दिन ढलने के कारण सर्च ऑपरेशन फिलहाल रोक दिया गया है और यह कल सुबह फिर से शुरू किया जाएगा। इस घटना के बाद प्रशासन भी हरकत में आया है। तहसीलदार विजय कोठारी ने आसपास के नदी-नालों से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर ग्रामीणों को तेज बारिश और बाढ़ से सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने उफनते नदी-नालों को पार न करने की सख्त हिदायत भी ग्रामीणों को दी है ताकि ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# निजी उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज के विक्रय परिसर में कमियां पर कारण बताओ नोटिस एवं जप्ती सुपुर्दगी हुई की कार्रवाई



**कलेक्टर ने किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरकों का वितरण करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में किसानों द्वारा खरीफ फसलों की बोनी लगातार की जा रही है। वर्षा भी इस वर्ष खेती किसानी के अनुकुल हो रही है, जिससे किसानों में अच्छे उत्पादन के साथ समय पर सुनिश्चित आय के प्रति आस जगी है। कृषि विभाग द्वारा भी बेहतर मानसून को देखते हुए खरीफ क्षेत्राच्छादन हेतु 184445 हेक्टेयर का लक्ष्य तय किया गया है। अद्यतन रिपोटिंग अनुसार जिले में 131253 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी कार्य संपन्न हो गया है। इसके साथ फसलों को समितियों के माध्यम से लगातार उपलब्धता अनुसार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। किसान जो समितियों के सदस्य नहीं है, उर्वरक विक्रय केन्द्रों से खाद उर्वरक का उठाव कर रहे है, कृषकों को उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित दर पर ही उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कृषि विभाग के अधिकारियों को लगातार विक्रय केन्द्रों में निगरानी हेतु मैदानी अमलों को तैनात करने तथा सतत निरीक्षण के साथ अनियमितता पाये जाने पर संबंधित मेसर्स के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके परिपालन में उपसंचालक कृषि राजनांदगांव द्वारा जिले के उर्वरक निरीक्षकों का दल गठन कर निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों में औचक निरीक्षण करने निर्देश प्रसारित किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड के निजी उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज के विक्रय परिसर का निरीक्षण उर्वरक निरीक्षक द्वारा किया गया। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के कृष्णा काप केयर नया गंज मंडी के सामने, भारत कृषि केन्द्र पुराना गंज चौक, कोठारी कृषि केन्द्र पुराना गंज चौक एवं श्रीराम कृषि केन्द्र कुंआ चौक नंदई, नवीन एग्रोटेक देवादा, धीरज ट्रेडर्स पटेवा, चतुर्वेदी कृषि केन्द्र पटेवा का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं को पंजी संधारण करने, श्रोत प्रमाण पत्र जोडने एवं कालातीत अवधि के कीटनाशक विक्रय पर रोक लगाई गई। विकासखंड डोगरगांव के उर्वरक निरीक्षक द्वारा सोनकर कृषि केन्द्र अर्जुनी, श्रीराम कृषि केन्द्र, गुरूदेव फर्टिलाईजर, सिन्हा कृषि केन्द्र रामपुर, शीतल कृषि केन्द्र रामपुर के विक्रय परिसर की जांच करने पर कमियां पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस एवं जप्ती सुपुर्दगी की कार्रवाई की गई। इसी तारतम्य में विकासखंड छुरिया एवं डोगरगढ़ में उर्वरक बीज एवं कीटनाशक विक्रय परिसर का निरीक्षण किया गया।




# श्रम मंत्री ने लिया संज्ञान : आवेदन एप्रुवल के बदले खर्चा मांगने वाले श्रम निरीक्षक को नोटिस जारी

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने रायपुर सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालक विनोद सिंह राजपूत की शिकायत और एक वायरल ऑडियो क्लिप के मामले में संज्ञान लिया है। इस मामले के सामने आने के बाद, श्रम विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए श्रम निरीक्षक लोकेन्द्र वैष्णव को दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। समय पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

श्रमायुक्त कार्यालय, नवा रायपुर से जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यह मामला मीडिया में प्रकाशित खबर 'मंत्री आ रहे हैं, खर्चा लगेगा' के आधार पर संज्ञान में लिया गया है। खबर में आरोप लगाया गया था कि श्रम निरीक्षक ने विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति के एवज में पांच हजार रुपये की मांग की थी। यह राशि गंडई निवासी शिवकुमार साहू के खाते में जमा कराई गई थी। इस कथित सौदे की पुष्टि एक वायरल ऑडियो क्लिप से भी हुई है, जिसमें श्रम निरीक्षक की आवाज स्पष्ट रूप से सुनी जा सकती है। प्रशासन ने इस ऑडियो क्लिप को प्रथम दृष्टया गंभीर माना है। आदेश में यह भी कहा गया है कि इससे यह प्रतीत होता है कि अन्य सीएससी सेंटरों से भी इसी तरह की अवैध वसूली की जा रही होगी। इस पूरे प्रकरण पर श्रम निरीक्षक लोकेन्द्र वैष्णव को नोटिस जारी कर दो दिनों में लिखित जवाब देने को कहा गया है। जवाब न देने की स्थिति में उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### क्या है पूरा मामला?

सीएससी संचालक विनोद सिंह राजपूत ने श्रम निरीक्षक लोकेन्द्र वैष्णव पर आरोप लगाया था कि उनसे श्रम कार्ड और नोनी सशक्तिकरण योजना के आवेदन पास करने के लिए बार-बार पैसे मांगे जा रहे थे। राजपूत ने शिकायत में दावा किया है कि पैसे न देने पर कई महिलाओं के आवेदन निरस्त कर दिए गए। शिकायत में यह भी बताया गया है कि निरीक्षक ने एक व्यक्ति शिवकुमार साहू को 'एजेंट' बना रखा था। जिसके खाते में पैसे डलवाकर बाद में उन्हें अधिकारी को हस्तांतरित कराया जाता था। यह कार्रवाई इस बात का स्पष्ट संकेत देती है कि शासन स्तर पर इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि श्रम निरीक्षक क्या जवाब प्रस्तुत करते हैं और प्रशासन इस मामले में कितनी पारदर्शिता और कठोरता से कदम उठाता है।

# रेलवे ने आरक्षण चार्ट तैयार करने के नए दिशा-निर्देश जारी किए, यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बदलाव किए हैं. पूर्व में जारी निर्देशों की समीक्षा के बाद ये नए दिशा-निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं, जिनका उद्देश्य यात्रियों को बेहतर और सटीक जानकारी उपलब्ध कराना है.

### नए आरक्षण चार्ट के नियम:

सुबह की ट्रेनों के लिए जो ट्रेनें सुबह 5 से दोपहर 2 बजे तक प्रस्थान करेंगी, उनके लिए पहला आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात 9 बजे तक तैयार कर लिया जाएगा. दोपहर और रात की ट्रेनों के लिए जो ट्रेनें दोपहर 2 से रात 11:59 बजे तक और मध्यरात्रि 12 से सुबह 5 बजे तक प्रस्थान करेंगी, उनके लिए पहला आरक्षण चार्ट यात्रा से 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा. द्वितीय आरक्षण चार्ट की तैयारी संबंधी मौजूदा दिशा-निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. वे पहले की तरह ही रहेंगे. ये नए दिशा-निर्देश दूरस्थ स्थानों पर तैयार किए जाने वाले चार्टों पर भी लागू होंगे.

### आपातकालीन आवेदन के लिए समय-सीमा निर्धारित

अब से, सभी ट्रेनों में गाड़ी छूटने के 24 घंटे पहले (कार्यदिवस) तक प्राप्त आपातकालीन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे. निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को मान्य नहीं किया जाएगा. यह संशोधन रेलवे द्वारा यात्रियों को अधिक सुविधा और पारदर्शिता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाने में मदद मिलेगी.




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com